www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

17 अप्रैल 2026
हरदा, शुक्रवार
वर्ष-15, अंक - 308, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख कृष्ण पक्ष - 30
विक्रम संवत् 2083

## प्रदेश के 16 जिलों में लू की चेतावनी

### इंदौर-उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में अलर्ट

**तापमान 42 डिग्री के पार**



**अनोखा तीर, भोपाल।** एमपी के 16 जिलों में गुरुवार को हीट वेव यानी, लू की चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र भोपाल का सीजन में पहली बार इतने जिलों में अलर्ट है। अगले 4 दिन तक प्रदेश के कई जिले गर्म हवा की चपेट में रहेंगे। गुरुवार को जिन जिलों में लू चल सकती है, उनमें रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट शामिल हैं।

इससे पहले छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और मंडला में लू जैसा असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया था।

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ती है। इस बार भी ऐसा ही है। शुरुआती नौ दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर रहा। 10 अप्रैल से गर्मी बढ़ गई। अब असर ज्यादा रहेगा।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में साबित होगा मील का पत्थर**

**नर्मदापुरम्-टिमरनी स्टेट हाईवे**

# तरक्की का खोलेगा नया मार्ग : मुख्यमंत्री



### सिवनी मालवा को मिली 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो उसकी नींव में आधी आबादी के सामर्थ्य, संघर्ष और सफलता की कहानियां स्पष्ट दिखाई देती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सामर्थ्य को संवैधानिक मान्यता देने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के लिए नेतृत्व के नए द्वार खोलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देशवासियों के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किमी. लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम् के प्रभारी राकेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहले से ही स्थानीय निकाय और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत पद बहनों के लिए आरक्षित हैं। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य सरकार जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को अब तक 55 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि दी जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से लेकर अब तक प्रति बहन 40 हजार 500 रुपए से अधिक राशि बहनों के बैंक खातों में आई है। बहनें चिंता न करें, योजना की राशि बढ़कर 1500 रुपए करने के साथ आगे भी जो संभव होगा वह किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों के बच्चों को माता यशोदा योजना के अंतर्गत निःशुल्क दूध के पैकेट बांटे जाएंगे। हमारे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त बनेंगे। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने और गौपालन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरू की है। इससे हमारे भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने कठिन समय में सड़क पर घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना शुरू की है, जिसमें घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की व्यवस्था है।




### नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया मुख्यमंत्री का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम एवं भगवान बजरंगबली का विधि-विधान से पूजन कर हनुमान मंदिर से ही रोड-शो का शुभारंभ किया। रोड-शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र की जनता का अभिवादन किया। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। रोड शो हरदा नाके स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ एवं वन विभाग ऑफिस के सामने, गोवर्धन मंदिर चौक, कल्लू चौक, रेवा परिसर के सामने, नर्मदा मंदिर चौक, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, नगर पालिका कार्यालय के सामने, मस्जिद के सामने, कंदेली नदी पुल से होते हुए रोड शो का पुराना बस स्टैंड पर समापन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने नगर आगमन पर फल, मिठाई, काजू किशमिश, लड्डू से तुलादान किया। रोड-शो के दौरान भारी संख्या में नगरवासी अपने मुख्यमंत्री को देखने के लिए आतुर रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नदी आंवली घाट के हथनापुर गांव में सिंचाई परियोजना के विकसित करने की घोषणा की। इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के 40 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नगर पालिका सिवनी-मालवा में सड़क, सीवेज, बिजली-पानी की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विशेष निधि से राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी-मालवा-शिवपुर बावरी मुख्य मार्ग की मंजूरी, पीपलपुरा पुल निर्माण और बनापुरा के शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही शिवपुर और डोलपुर में सांदीपनि विद्यालय के लिए सर्वे कराने और एक विद्यालय की मंजूरी देने की घोषणा की। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास की अनेक सौगातें दी हैं। सिवनी-मालवा कृषि से समृद्ध क्षेत्र है। पिछले दो साल में ही 984 करोड़ की लागत की सड़कों की सौगात सिवनी-मालवा को मिली है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में ऐतिहासिक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की है, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ। लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहा है। उन्होंने विभाग के लोकपथ ऐप की जानकारी दी। विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सिवनी-मालवा को लगातार विकास कार्यों की सौगातें मिल रही हैं। इस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने और सिंचाई सुविधाओं के विकास से किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल के परिणामस्वरूप इंडियन ऑयल द्वारा डोलरिया में नया प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इससे नर्मदापुरम् के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# सेटेलाईट बता रहा हजारों किसानों ने नहीं बोया गेहूं

**यदि सेटेलाईट सही तो गिरदावरी करने वाले पटवारियों पर हो सख्त कार्यवाही**



**नितेश गोयल, हरदा।**

जिले के हजारों किसान इस बार शासकीय समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं नहीं बेच पाएंगे। सेटेलाईट द्वारा किए गए सर्वे में इन हजारों किसानों द्वारा गेहूं की फसल न बोना बताया जा रहा है। इसलिए इन किसानों के ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं, यह स्थिति हरदा जिले की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। सेटेलाईट सर्वे के कारण पूरे प्रदेश लाखो किसान अपना गेहूं नहीं बेच पाएंगें। जिले की हरदा तहसील की ही बात करें तो लगभग 8 हजार 500 किसानों को उपार्जन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। जिले में लगभग 25 हजार से अधिक किसान इस सेटेलाईट सर्वे के कारण गेहूं बिक्री नहीं कर पाएंगे।

**क्या अब नलवाई की जांच से पता चलेगा गेहूं बोया की नहीं-** सेटेलाईट के इस सर्वे के कारण वंचित हुए हजारों गेहूं किसानों को यदि पुनः सर्वे का सामना करना पड़ा तो राजस्व दल क्या फिर एक बार हजारों किसानों के खेतों में पहुंच कर नलवाई की जांच करेगा या किसानों को इस बार अपनी गेहूं की फसल मंडीयों में ओने-पोने दामों पर बेचना पड़ेगा। हालांकि राजस्व अमले और सरकार को भी यह मालूम है कि पहले जो पटवारी द्वारा प्रत्येक खेत में पहुंचकर ऑनलाईन गिदावरी कार्य किया था। वह सही था। सेटेलाईट द्वारा जो बताया जा रहा है वह पूर्णतः असत्य है इसके बावजूद यदि फिर से कभी सर्वे दल का गठन कर जांच कि जाती है तो गेहूं खरीदी की तारीख बीत जाएगी लेकिन किसानों का सर्वे नहीं हो पाएगा।

### पटवारियों और किसानों पर हो सख्त कार्यवाही

मध्यप्रदेश शासन प्रशासन द्वारा पूर्व में पटवारियों से खेतों में पहुंचकर बोई गई फसल की गिरदावरी ऑनलाईन कराई थी। जिसमें पटवारी और उनके अमले को मौके पर पहुंच कर लगाई गई फसल की ऑनलाईन गिरदावरी करनी थी। पटवारियों द्वारा की गई ऑनलाईन गिरदावरी के बाद ही गेहूं उपार्जन के लिए किसानों द्वारा पंजीयन करवाया गया था। किसानों द्वारा एक माह पहले ही गेहूं की फसल काट कर मूंग की फसल की बुआई कर दी गई है। अब जब स्लॉट बुकिंग का टाईम आया तो सेटेलाइट सर्वे में यह बताया जा रहा है कि आपने गेहूं नहीं बल्कि चना या दूसरी फसल बोई है, इसलिए आपका गेहूं उपार्जन नहीं किया जाएगा। सेटेलाईट द्वारा किए गए इस सर्वे को प्रशासन और सरकार सही मान रही है तो उन सभी पटवारियों के ऊपर सवालिया निशान लग जाते हैं कि कहीं उन्होंने किसानों से पैसे लेकर गलत गिरदावरी की है, इसलिए उन पटवारियों पर इतने बड़े पैमाने पर किए गए भ्रष्टाचार को सिद्ध हो जाने के कारण तत्काल बाहर कर दिया जाना चाहिए, और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल की हवा ही खिलाना चाहिए। वहीं उन हजारों किसानो पर भी कार्यवाही कि जानी चाहिए जिन्होंने पटवारियों के साथ मिलकर गलत गिरदावरी चढ़वाई और शासन की गेहूं उपार्जन व्यवस्था के तहत अनुचित लाभ उठाने का प्रयास किया है। लेकिन यदि सेटेलाईट को सही मानकर पटवारियों पर कार्यवाही कि जाती है तो शायद ही कोई पटवारी सख्त कार्यवाही से बच पाएगा, क्योंकि सभी पटवारी हल्कों में सैकडो किसान सेटेलाईट सर्वे के कारण उनकी फसल गेहूं उपार्जन से वंचित बताई जा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओंकारेश्वर आएंगे

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 अप्रैल को ओंकारेश्वर आएंगे तथा वहां आयोजित एकात्म पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 17 अप्रैल को सुबह 8 :40 बजे भोपाल से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रात: 9 :30 बजे ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1 :20 बजे हेलिकॉप्टर द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नौ का दूल्हा और आठ साल की दुल्हन

**वीडियो सामने आने के बाद पंडित जी से लेकर घोड़ी वाले तक फंसे**

**राजगढ़ (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजगढ़ पुलिस ने 9 साल बालक और 8 बालिका का विवाह संपन्न करने पर माता-पिता सहित टेंट संचालक, घोड़ी संचालक, प्रिंटिंग प्रेस संचालक, हलवाई एवं पंडित के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग दूल्हे की हल्दी, मेहंदी और बारात की रस्मों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद प्रशासन की टीम हरकत में आई और और राजगढ़ जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के कुशालपुरा गांव पहुंचकर कार्रवाई की।



**प्रशासन के दावे हुए फेल-** महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रशासन के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर लगातार अभियान चलाकर इसकी रोकथाम की बात कही जा रही थी। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुए नाबालिग दूल्हा-दुल्हन के बाल विवाह का वीडियो ने प्रशासन के अभियान की पोल खोल दी है।

**करनवास से भी सामने आया मामला-** करनवास थाना क्षेत्र में भी एक नववर्ष की बच्ची की सगाई कर उसकी शादी 26 अप्रैल को तय कर दी गई थी। परिजनों की सहमति के ही रिश्तेदारों ने यह विवाह कर दिया।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

## हमारी जनगणना हमारा विकास

**(जनगणना 2027 का पहला चरण)**
**स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)**

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027

## सार-समाचार

### हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनोखा तीर, धौलपुरकला।** हाईस्कूल धौलपुर कला में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी होनहार छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह सिद्ध किया है कि समर्पण का कोई विकल्प नहीं होता। यह सफलता न



केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सोनम पिता मनमोहन मालवी ने 93.3 प्रतिशत, जिया पिता अखिलेश ने 92.6 प्रतिशत, कार्तिक पिता राजकुमार ने 92.4 प्रतिशत, ललित पिता मुकेश ने 90.4 प्रतिशत, नमन पिता मुकेश ने 90 प्रतिशत, दुर्लभ पिता अरविंद ने 82.6 प्रतिशत, सुषमा पिता राजमल ने 81 प्रतिशत, रचित पिता संजय ने 77 प्रतिशत, अनुराग पिता राजेंद्र ने 73 प्रतिशत, सतीश पिता लल्लू ने 70.4 प्रतिशत, आनंद पिता संतोष ने 70 प्रतिशत, आकृति पिता जितेंद्र ने 65 प्रतिशत तथा सुधा पिता रितेश ने 63 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में कुल 26 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 21 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 8 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### माता-बहनों ने दिए पारंपरिक झालरे भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

**अनोखा तीर, बालागांव।** ग्राम बूंदडा में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवें दिवस विभिन्न मंडलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। दिन के समय



माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम की माताएं-बहनों ने माता रानी के पंडाल में झालरे अर्पित किए, इसके बाद मां गणगौर की आरती कर सभी ने मेवा प्रसादी ग्रहण की। वहीं रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में गणगौर मंडल हरदा द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मंडलों के भजनों और पारंपरिक गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणगौर महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों की प्रस्तुतियां देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सिनगाने, रामनिवास सिनगाने, निशान्त सिनगाने द्वारा सभी मंडलों का स्वागत किया गया तथा सभी मंडलों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

### भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न, समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव की मासिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में संगठन की रीति-नीति पर विचार किया गया तथा धन संग्रह (समर्पण राशि) को लेकर भी चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में गेहूं स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



इसके पश्चात किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं एवं चना स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा सैटेलाइट संबंधी तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। साथ ही चना खरीदी के दौरान बायोमेट्रिक अंगूठा लगाने की प्रक्रिया को सरल करते हुए ओटीपी के माध्यम से बिल बनाने की व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल में लोकेश गौर, सियाराम गौर, हरिओम गौर, आनंद पटेल, पवन गौर, गोविंद गौर, सोहन पाटिल, जय नारायण पाटिल, हरिओम गौर, शरद पटेल, नंदलाल पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का शुभारंभ

**अनोखा तीर, रहटगांव।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड टिमरनी के सेक्टर रहटगांव के ग्राम नजरपुरा में नवांकुर संस्था रहटगांव एवं लक्ष्य संस्था रहटगांव द्वारा स्थानीय मुख्य मार्ग




स्थित संस्था कार्यालय पर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था कार्यालय के बोर्ड को भी व्यवस्थित रूप से मुख्य मार्ग पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक संदीप गौहर के मार्गदर्शन में ब्लॉक समन्वयक अनुपम भारद्वाज की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसमें नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विनोद चौहान, उपाध्यक्ष राहुल साकल्ले, सचिव रोहित गौर, सदस्य राहुल चौहान, दिव्यांशु चौहान, नवदीप चौहान, मुकेश मालवीय एवं ग्राम विकास प्रस्कुटन समिति केलझिरी के अध्यक्ष रामाधार काजले सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**उज्जैन में सृष्टि सेवा संकल्प की अखिल भारतीय चिंतन बैठक संपन्न**

# सिंहस्थ 2028 को ग्रीन कुंभ बनाने का लक्ष्य

**वार्षिक कैलेंडर जारी**

**अनोखा तीर, उज्जैन।**

पर्यावरण संरक्षण को युगधर्म मानकर कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन सृष्टि सेवा संकल्प की दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन बैठक बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन ने आगामी वर्ष अप्रैल 26 से मार्च 27 की वार्षिक कार्ययोजना का कैलेंडर जारी किया।

**उज्जैन सिंहस्थ के लिए 5 विशेष संकल्प-** संगठन ने सिंहस्थ 2028 को पूर्णतः इको-फ्रेंडली बनाने के लिए पांच स्तंभों पर कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके तहत देशभर से स्टील की बोतलें एकत्रित की जाएंगी ताकि कुंभ में प्लास्टिक कचरा कम हो। प्लास्टिक मुक्ति, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी जन-जागरण चलाया जाएगा।

- **स्टील बॉटल बैंक :** प्लास्टिक बोतलों के विकल्प के रूप में देशभर से स्टील की बोतलों का संग्रहण।
- **मेरा कचरा-मेरे साथ :** व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए कपड़े एवं विशेष बैग निर्माण अभियान।




- **सिंहस्थ स्मृति लघुवन :** उज्जैन की पावन मिट्टी से देशभर में लघु वनों का निर्माण
  **वॉटर बैंक :** जल संरक्षण हेतु समाज को प्रेरित करना और शासन को रचनात्मक सुझाव देना।

#### वर्षभर होंगे रचनात्मक आयोजन

- **अप्रैल से जून :** जिला स्तरीय बैठकें, पर्यावरण संवाद और बचों के लिए विशेष समर कैंप आयोजित होंगे। साथ ही जून में सिंहस्थ स्मृति लघुवन हेतु स्थान चयन और उज्जैन की पवित्र मिट्टी का पूजन किया जाएगा।
- **जुलाई से सितंबर :** 7 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके साथ ही 1-7 जुलाई तक लघुवन निर्माण का महाअभियान चलेगा। अगस्त में वृक्ष रक्षाबंधन और सितंबर में सदस्यता अभियान के साथ वनसंचार कार्यक्रम होंगे। अक्टूबर से दिसंबर कार्यकर्ताओं के



तकनीकी कौशल हेतु नर्सरी प्रशिक्षण, दीपावली पर वृक्ष दीपावली उत्सव और दिसंबर में रायपुर छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय अधिवेशन का आयोजन होगा। जनवरी से मार्च- युवा दिवस पर मैराथन, हैकथॉन और युवा संसद जैसे कार्यक्रम होंगे। फरवरी में कार्यों की समीक्षा होगी और मार्च में ग्वालियर में आगामी चिंतन बैठक के साथ वृक्ष वर्ष प्रतिपदा मनाई जाएगी। कार्यकर्ताओं में उत्साह बैठक के समापन पर देशभर से आए प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वे इस कार्ययोजना को जन-जन तक पहुँचाएंगे। संगठन का मानना है कि इन गतिविधियों से न केवल पर्यावरण सुरक्षित होगा, बल्कि भावी पीढ़ी में भी प्रकृति के प्रति संस्कार जागृत होंगे।

---

# गंजाल-मोरांड बांध परियोजना के विरोध में प्रभावितों का पैदल मार्च

### 24 अप्रैल को हरदा कलेक्ट्रेट पहुंचकर देंगे ज्ञापन

**अनोखा तीर, रहटगांव।** गंजाल-मोरांड बांध परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू होने की जानकारी से प्रभावितों में आक्रोश बढ़ गया है। इसको लेकर मंगलवार को ज़िन्दगी बचाओ अभियान संगठन के बैनर तले ग्राम बोथी में बैठक आयोजित की गई, जिसमें हरदा, बैतूल और नर्मदापुरम जिले के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि जब गांव के लोग इस परियोजना को नहीं चाहते हैं, तो सरकार को इसे जबरन लागू नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे जल, जंगल और जमीन नहीं छोड़ेंगे। ज़िन्दगी बचाओ अभियान के राम प्रसाद काजले ने अपने उद्बोधन में बताया कि एक अध्ययन के अनुसार मध्यप्रदेश में 1951 से 1995 के बीच बांध, खनन और औद्योगिक परियोजनाओं से 6,32,634 लोग विस्थापित हुए, जिनमें 2,55,317 आदिवासी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के नाम पर आदिवासियों को लगातार उनके संसाधनों से बेदखल किया जा रहा है।



जिला पंचायत सदस्य और भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयकुमार उईके ने कहा कि इस बांध से 2500 हेक्टेयर से अधिक जंगल डूब क्षेत्र में आ जाएगा, जिससे आदिवासी परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा होगा। उन्होंने घोषणा की कि इस परियोजना के विरोध में 24 अप्रैल को प्रभावित लोग पैदल मार्च करते हुए हरदा कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में जगदीश देवड़ा, सरदार देवड़ा, प्रेम दादा कसकर, रामबक्स लवसकर, लालसिंह काजले, राजेश काजले, नर्मदाप्रसाद अखाड़े, जनपद सदस्य सुन्दर लाल मवासे, सुरज सरलाम, संतोष कुमार उईके, कमल वर्मा, ओमनारायण यादव, नंदू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मसनगांव का परीक्षा परिणाम निराशाजनक

**-शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का इस वर्ष परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहने से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। पर्याप्त शिक्षक और सुविधाएं होने के बावजूद परिणाम में आई गिरावट से पालकों और ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम करीब 60.52 प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में सभी 8 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें संजना ने 87 प्रतिशत और अमन मंधानिया ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं साइंस संकाय का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा, जहां 9 में से केवल 1 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ, जबकि 8 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं में कुल 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 15 प्रथम श्रेणी, 8 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 15 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 60.52 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम भी निराशाजनक रहा। कुल 52 विद्यार्थियों में से 24 प्रथम श्रेणी और 4 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 24 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो गए। इस प्रकार कुल परिणाम मात्र 53.84 प्रतिशत रहा। लगातार दूसरे वर्ष खराब परिणाम आने से पालकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि शासकीय स्कूल में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पालकों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। स्कूल के प्राचार्य जे.पी. सोनी ने खराब परिणाम के लिए विद्यार्थियों की पढ़ाई में कमी को कारण बताया। वहीं शासन द्वारा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुन: परीक्षा का अवसर दिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन पहली बार में ही खराब परिणाम ने स्कूल की साख पर असर डाला है।

---

**इंदिरा भवन में विभिन्न संभागों एवं महिला कांग्रेस की समीक्षा बैठकें संपन्न**

# संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में आज इंदिरा भवन, भोपाल में विभिन्न संभागों के जिला अध्यक्षों एवं महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। प्रथम चरण में इंदौर एवं खंडवा संभाग के जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, जमीनी कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सह प्रभारी श्रीमती उषा नायडू, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी, संगठन महासचिव संजय कामले सहित संबंधित संभागों के सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके पश्चात रीवा एवं सागर संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक रही, जिसमें महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में महिला कांग्रेस की आगामी रणनीति, संगठन विस्तार एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी, एआईसीसी सचिव श्रीमती उषा नायडू, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, संगठन महासचिव संजय कामले, महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी श्रीमती ममता चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सक्रियता आवश्यक है।

उन्होंने जिला अध्यक्षों से जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि महिलाओं




को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा वर्षों पूर्व संसद में उठाई गई थी, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे जातिगत जनगणना और परिसीमन के पेच में उलझाकर इसके क्रियान्वयन को टाल दिया है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों और उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी ने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को सशक्त बनाया जा सके। बैठकों में संगठन विस्तार, जमीनी सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

---

# मानव-वन्य जीव संघर्ष नियंत्रण एवं वन सुरक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

**अनोखा तीर, रहटगांव।** वन परिक्षेत्र रहटगांव सामान्य अंतर्गत पर्यावरण केंद्र रहटगांव में मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं के नियंत्रण के संबंध में संगोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों से ग्रामवासी, सुरक्षा श्रमिक, जनप्रतिनिधि एवं स्टाफ मौजूद रहे। संगोष्ठी में उप वन मंडल अधिकारी उत्तर हरदा सामान्य कलीराम उइके ने ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण के दौरान वन क्षेत्र में जाने पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में कभी-कभी बाघ, तेंदुआ जैसे वन्य प्राणियों से सामना हो सकता है, ऐसे में सतर्कता जरूरी है। साथ ही वन्य जीवों



से होने वाली जनहानि या जनघायल की स्थिति में शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि की जानकारी भी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी रहटगांव सामान्य पी.एल. धुर्वे ने ग्रामीणों को वनोपज संग्रहण के लिए समूह बनाकर जंगल में जाने, आवश्यक सामग्री जैसे डंडा, मोबाइल, टॉर्च, पानी साथ रखने तथा अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने की सलाह दी।

वर्तमान में फायर सीजन को देखते हुए ग्रामीणों से वन क्षेत्रों में आग लगने की स्थिति में सहयोग करने की अपील भी की गई। बैठक में वन परिक्षेत्र रहटगांव के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न गांवों से आए ग्रामवासी और सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

### महाकाल मंदिर के पास अवैध कत्लखाने का खुलासा

- **छापे में काटने के लिए लाए गए बछड़े, मांस सहित धारदार हथियार बरामद**

**अनोखा तीर, उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध कत्लखाने पर पुलिस ने दबिश मारकर जिन्दा गाय के बछड़े सहित मौके से भारी मात्रा में मांस, धारदार हथियार और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद किया है। ख़ास बात ये की महाकाल मंदिर के पास किसी भी तरह के मांस विक्रय पर प्रतिबन्ध लगा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 12 अप्रैल की रात को की गई है। पुलिस इसमें गोपनीय तरीके से जांच कर रही थी।

पुलिस को महाकाल थाना क्षेत्र के एक संदिग्ध मकान में चोरी-छिपे पशु काटे जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। मकान के अंदर प्रवेश करने पर पुलिस को कटे हुए मांस के टुकड़े, खून के निशान और पशु कटाई में इस्तेमाल होने वाले धारदार हथियार मिले। आरोपी पाड़ों का मांस बेचने की तैयारी में थे। बता दें कि धार्मिक नगरी होने के कारण उज्जैन में बूचड़खाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है।

**आरोपियों ने किया भागने का प्रयास**

पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में मांस, कुल्हाड़ी, अन्य औजार और वजन करने वाला इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जब्त किया गया।

## सोडलपुर की छात्रा महिमा राठौर ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोडलपुर की छात्रा महिमा ललित राठौर ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। महिमा की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। महिमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उनकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों ने महिमा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महिमा की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और इससे विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

## सार-समाचार

### सनशाईन पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, जिले में फिर बनाया स्थान

**अनोखा तीर, सिराली।** सनशाईन पब्लिक स्कूल का कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले में स्थान प्राप्त कर तहसील में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किया। कक्षा 10वीं में राशि दुबे पिता योगेंद्र दुबे ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय एवं तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं में कार्तिक पिता आशीष वर्मा ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉमर्स संकाय में तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनुसार कक्षा 12वीं में तहसील में सर्वाधिक 76 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि कक्षा 10वीं में 87 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में मैथ्स साइंस और बायो साइंस का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि कॉमर्स संकाय का परिणाम 96 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 12वीं बायो संकाय में श्रेया अग्रवाल पिता सचिन अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैथ्स साइंस में यश पीपलदे पिता गोकुल प्रसाद पीपलदे ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में राघव गौर ने 91.2 प्रतिशत, विधि बोरधे ने 90.8 प्रतिशत एवं चित्रांश अग्रवाल ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में भवानी कुशवाह पिता सुमेर सिंह कुशवाहा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनुज तोमर, कुमकुम पाल, सारिका राजपूत एवं आरती राजपूत ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सोनाली तमखाने, महिमा सनखेरे, अदिति भावसार, आस्था अग्रवाल, प्रियांशी छलोत्रे, सचिन कुशवाह, लक्ष्य गौर, सुमेरा खान, जिया साव और जयंत चंदेल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 5वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रांजल पिता सोनू उपाध्याय ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्या अंकिता अग्रवाल, संचालक सचिन अग्रवाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### गांव की बेटी ने लहराया सफलता का परचम, वंशिका लखौरे बनी प्रथम





**अनोखा तीर, खामपाड़वा।** ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं एक बार फिर सामने आई हैं। खामपाड़वा गांव की होनहार छात्रा वंशिका पिता जुगल किशोर लखौरे ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वंशिका की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। इसी शासकीय हाई स्कूल खामपाड़वा से छात्र रामकुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि छात्रा संजना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने इन विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। गांव के सरपंच, विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगणों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### नॉलेज पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत







**अनोखा तीर, टिमरनी।** नॉलेज पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नगर के दर्शील दोगने पिता धीरज दोगने ने 92.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में नित्या पटेल पिता दिलीप पटेल ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अंबर जैन पिता राहुल जैन ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा खुशी बनोरिया पिता निलेश बनोरिया ने 88.2 प्रतिशत एवं सृष्टि पिता बृजमोहन गुर्जर ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पेंशन हितग्राही निर्धारित समयावधि में अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराएं

**अनोखा तीर, हरदा।** संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के सभी हितग्राहियों को उनका डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेशन कराना अनिवार्य है। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने इन योजनाओं के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने संबंधित पंचायत अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

# आग से प्रभावित 8 परिवारों को मिली सहायता

### दानदाताओं के सहयोग से राहत सामग्री का वितरण




**अनोखा तीर, हरदा।**

टिमरनी विधानसभा अंतर्गत रहटगांव ब्लॉक के ग्राम बड़झिरी में आगजनी की घटना में 8 परिवारों के घर जलकर राख हो गए थे। इस घटना के बाद करीब 70 दानदाताओं के सहयोग से 65 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि एकत्रित सहयोग राशि से प्रभावित परिवारों को कपड़े एवं खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई है, जिससे उन्हें कुछ हद तक सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से अन्य लोग भी प्रेरित होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ सकते हैं। राहत सामग्री वितरण के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत टाले, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, खिरकिया नगर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, प्रद्युम्न कुशवाह, सुनील सिंह राजपूत, राघवेंद्र पारे सहित अन्य साथी ग्राम बड़झिरी पहुंचे और प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की।

### ग्रीष्मकालीन मूंग फसल हेतु कृषि विज्ञान केंद्र की सलाह

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने ग्राम उड़ा, चारखेड़ा, डगवानीमा एवं अतरसमा में फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम उड़ा के किसान नरेंद्र तिवारी के खेत के भ्रमण के दौरान मूंग फसल के पौधों में उकठा रोग के लक्षण दिखाई दिये। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि यह एक कवकजनित बीमारी है, जो फ्यूजेरियम के कारण होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में पौधों का मुरझाना, पीला पड़ना तथा अंतत: सूख जाना शामिल है। यह कवक मिट्टी में उपस्थित रहता है, जिससे पौधे आवश्यक पोषक तत्वों का समुचित अवशोषण नहीं कर पाते हैं। रोग नियंत्रण हेतु किसान भाइयों को सलाह दी गई है कि पूर्व मिश्रित टेब्यूकोनेजॉल .सल्फर 400 ग्राम प्रति एकड़ अथवा पायरोक्लोस्ट्रोबिन 20 डब्ल्यू.जी. 200 ग्राम प्रति एकड़ की दर से सुबह या शाम के समय छिड़काव करें। प्रति एकड़ पावर पंप द्वारा 100 से 125 लीटर पानी का उपयोग करें।

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

● किसानों को गेहूं विक्रय में दिक्कत न हो, अधिकारियों को दिए निर्देश

**-बिरजाखेड़ी, दूधकच्छ में सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन कार्य का निरीक्षण**





**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के ग्राम दूधकच्छ एवं धनगांव में गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं बेचने आने वाले किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर कोई असुविधा न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बिरजाखेड़ी एवं दूधकच्छ में सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन कार्य का निरीक्षण कर समय सीमा में सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने ग्राम पानतलाई एवं धनगांव में आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण कर आंगनवाड़ी केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए। ग्राम पानतलाई में हाईस्कूल में निरीक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की जानकारी ली तथा यहां वाशबेसिन एवं टायलेट की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। ग्राम पानतलाई एवं धनगांव में उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण कर वहां राशन वितरण की व्यवस्थाएं देखी। साथ ही राशन वितरण सूची से अपात्रों के नाम काटने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के लाभ से वंचित बेटियां अब दोबारा कर सकेंगी आवेदन

**अनोखा तीर, हरदा।**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर, उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल दोबारा खोले जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ज्ञातव्य है कि उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना का लाभ पाने से किसी कारणवश वंचित रह गई बेटियों को, उक्त योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विभाग को निर्देशित किया था। मंत्री श्री परमार के निर्देशों के अनुपालन में, उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पुनः खोला है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना का लाभ पाने से वंचित रह गई बेटियां, अब स्कॉलशिप पाने के लिए दोबारा आवेदन कर सकेंगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उक्त दोनों योजनाओं का लाभ पाने से वंचित छात्राएं, छात्रवृत्ति के लिए दोबारा आवेदन कर सकेंगी। छात्राओं को गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के नवीन एवं नवीनीकरण के लिए, स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर आवेदन करना होगा। पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 हैं।

### रबी उपार्जन के लिए किसान आधार को बैंक खाते से करवाएं लिंक

## एक रूपये के सफल भुगतान के बाद ही होगी स्लॉट बुकिंग

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुका है। इस प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली को अनिवार्य किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया ने बताया कि पंजीकृत किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में शासन द्वारा एक रूपया भेजा गया हैं। यह एक सत्यापन प्रक्रिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फसल का पैसा सीधे किसान के सही खाते में जाए। श्री भदोरिया ने बताया कि जिन किसानों के खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एक रूपये का भुगतान विफल हो गया है। ऐसे किसानों को फसल बेचने के लिए 'स्लॉट बुक' करते समय पोर्टल पर भुगतान विफल होने का मैसेज दिखाई दे रहा है। जब तक यह भुगतान सफल नहीं होता, किसान अपना स्लॉट बुक नहीं कर पाएंगे। उन्होने बताया कि ऐसे किसान जिनका भुगतान विफल हुआ है, वे तुरंत अपनी संबंधित बैंक शाखा में जाकर अपने खाते को आधार से लिंक कराएं और उसे एनपीसीआई पोर्टल पर सक्रिय करवाएं ताकि भुगतान सफल हो सके। जिला कार्यालय द्वारा ऐसे सभी किसानों को दूरभाष के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करें ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग में कोई असुविधा न हो।

### मांगों को लेकर 18 अप्रैल को शिक्षक करेंगे एक दिवसीय आंदोलन

**अनोखा तीर, हरदा।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर 18 अप्रैल, शनिवार को जिला हरदा के शिक्षक अपने परिवार सहित लगभग 2000 की संख्या में भेल दशहरा मैदान में एकत्रित होंगे। इस दौरान शिक्षक अपनी प्रमुख मांगों को लेकर एक दिवसीय आंदोलन करेंगे और मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा में शामिल होंगे। आंदोलन के माध्यम से शिक्षक टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने तथा पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाएंगे।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में आदिवासी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के निर्देशानुसार हरदा जिला मुख्यालय पर आदिवासी परिवारों के हक में आवाज बुलंद करते हुए केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह विरोध प्रदर्शन आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश कलम के नेतृत्व में किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने पन्ना और छतरपुर जिले के प्रभावित आदिवासी परिवारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन का ध्यान विभिन्न मुद्दों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि विस्थापित परिवारों को केवल आर्थिक मुआवजा देने के बजाय जमीन के बदले जमीन उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आरोप लगाया गया कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में ग्राम सभा के नियमों का पालन नहीं किया गया, जो संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। नेताओं ने यह भी बताया कि प्रभावित आदिवासी परिवार पिछले 9 दिनों से भूखे रहने को मजबूर हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे मानवीय संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन सांई, विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस राजेश कलम, ब्लाक अध्यक्ष सिराली नागु पटेल, आशुतोष कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनके साथ रविशंकर शर्मा, गंगाराम गुर्जर, सत्यनारायण राजपूत, शशि वर्मा, जमनादास सावनेर, गौरीशंकर शर्मा, राजेश गौर, रामरूप गौर, राम राजपूत, कान्हा राजपूत सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं **निकलेश कुमार बांके पिता जगदीश बांके**, ग्राम बंदीमुहाड़िया तहसील सिराली, जिला हरदा म.प्र. का निवासी हूं। यह कि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में पूर्व दस्तावेजों के अनुसार निकलेश बांके लिखा गया है, जो गलत है। मेरे द्वारा वर्तमान में आधार कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों को दुरूस्त करा लिया गया है। अब मैं ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम निकलेश कुमार बांके **(Niklesh Kumar Banke)** करवाना चाहता हूं, जो कि सत्य एवं सही है। जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आप अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

**निकलेश कुमार बांके पिता जगदीश बांके, ग्राम बंदीमुहाड़िया, तह. सिराली जिला-हरदा (म.प्र.)**


### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## संपादकीय

# महंगाई काबू में या नियंत्रण से बाहर?

यह विचित्र बात है कि एक ओर सरकार महंगाई को नियंत्रण में रखने का दावा करती है, तो दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसका सीधा असर आम आदमी पर जरूरी खर्च में कटौती और आर्थिक परेशानियों के रूप में देखने को मिल रहा है। जब आय के साधन सीमित हों, तो आम आदमी की यही अपेक्षा होती है कि जरूरी वस्तुओं के दाम उसकी पहुंच में हों, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट पैदा न हो। मगर हाल के वर्षों में आमदनी उस स्तर पर नहीं बढ़ी है, जितनी तेजी से वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 फीसद हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 फीसद के स्तर पर थी। खबरों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में संघर्ष से उत्पन्न संकट के कारण खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई है। मगर सवाल है कि अगर सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित या स्थिर करने के लिए उचित कदम उठा रही है, तो फिर महंगाई में उछाल कैसे आ रहा है? यह बात छिपी नहीं है कि देश में सामाजिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। रोजगार और आय के मामले में देश की बड़ी आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। आमदनी में स्थिरता और घटती क्रयशक्ति की स्थिति में जब आवश्यक वस्तुओं पर आम लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उनके लिए परेशानियां पैदा होना स्वाभाविक है। दरअसल, मार्च में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा रहा।



खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि उपभोक्ताओं की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। यही कारण है कि रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते वक्त खुदरा महंगाई को ही आधार बनाता है। सरकार का दावा है कि खुदरा महंगाई अभी रिजर्व बैंक के चार फीसद के औसत अनुमान से नीचे बनी हुई है। मगर, यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर महंगाई दर चार फीसद के दायरे से ऊपर जाती है, तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है।

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में फरवरी की तुलना में महंगाई दर का बढ़ना पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती प्रभाव का संकेत है। यानी अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध का मोर्चा फिर से खुलता है और यह स्थिति लंबे समय तक रहती है, तो आवश्यक वस्तुओं के दाम किस तेजी से बढ़ेंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में आलू-प्याज और कुछ दालों की कीमतों की महंगाई दर घटी है, लेकिन सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई।

बिजली, गैस और अन्य ईंधन श्रेणी में खुदरा महंगाई मार्च में 1.65 फीसद रही, जबकि फरवरी में यह 1.52 फीसद के स्तर पर थी। यानी आम लोगों के लिए राहत कम और मुश्किलें ज्यादा बढ़ी हैं। यही नहीं, शहरी इलाकों में 3.11 फीसद की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 3.63 फीसदी रही, जहां रोजगार और आय के साधन सीमित होते हैं। ऐसे में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस उपाय नहीं किए, तो आने वाले दिनों में यह संकट और ज्यादा गहराएगा।

## शांत हिमाचल में बढ़ती अपराध की छाया
### नशा, हिंसा और कानून पर उठते सवाल



हिमाचल प्रदेश को शांतिप्रिय राज्य माना जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों से यहां अपराध और नशीले पदार्थों का जाल जिस तरह से फैल रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। खासकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। युवाओं में नशाखोरी की बढ़ती लत इस समस्या को और गहरा कर रही है। मंडी जिले के सरकाघाट में सोमवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कालेज जा रही एक छात्रा की दिन-दहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। खबरों के मुताबिक, आरोपी वारदात के वक्त नशे की हालत में था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सवाल है कि आखिर समाज में कानून का खौफ और मानवीय मूल्य क्यों खत्म होते जा रहे हैं? जाहिर है कि इसके पीछे सुरक्षा एजंसियों का ढुलमुल रवैया और लापरवाही भी जिम्मेदार है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे पहले हमीरपुर जिले में भी पिछले साल नवंबर में ऐसी ही एक घटना सामने आई थी। नशे की हालत में एक किशोर ने खेत में काम कर रही महिला पर दराती से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कुछ दिन बाद अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सरकाघाट में हुई वारदात के पीछे क्या कारण थे, इसका पता तो जांच के बाद ही चल पाएगा, लेकिन पुलिस को आशंका है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। सवाल है कि अगर आरोपी को इस कदर नशे की लत थी, तो उसके परिवार या आस-पड़ेस के लोगों ने समय रहते इस संबंध में पुलिस या किसी अन्य संस्था को सूचना क्यों नहीं दी? इसमें दोराय नहीं कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए न केवल कानूनी, बल्कि सामाजिक मोर्चे पर भी काम करने की जरूरत है। पुलिस की भी जिम्मेदारी है कि अपराध का कारण बन रहे नशीले पदार्थों के अवैध कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## आज का कार्टून




# अविश्वास के बीच फंसा ईरान-अमेरिका संवाद

किसी भी जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद के समाधान के लिए पहले विश्वास कायम होना आवश्यक है, तभी सार्थक और स्थायी हल संभव हो सकता है। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत नाकाम रहने का एक प्रमुख कारण यह था कि दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद गहरे अविश्वास को दूर करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। ईरान और अमेरिका के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, जिनमें राजनीतिक, सामरिक और वैचारिक मतभेद गहराई से जुड़े हुए हैं। ऐसे में पहले पर्दे के पीछे से कूटनीतिक और छोटे-छोटे समझौते पर आगे बढ़ने की जरूरत थी, लेकिन सीधे औपचारिक वार्ता शुरू कर दी गई और यही कारण था कि लंबी वार्ता के बावजूद संवाद सकारात्मक दिशा में आगे नहीं बढ़ पाया। अंततः वार्ता निष्फल रही। दोनों पक्ष एक-दूसरे की मांगों को लेकर सहमत नहीं हुए और शांति की उम्मीदें क्षीण पड़ गईं।

पाकिस्तान भले ही कूटनीतिक पहल कर अमेरिका और ईरान को वार्ता के लिए एक मंच पर ले आया था, लेकिन उसके पास इतना प्रभाव नहीं है कि वह समझौते के उल्लंघन की स्थिति में किसी पक्ष पर दबाव बना सके। उसकी आंतरिक आर्थिक चुनौतियां और सीमित वैश्विक प्रभाव की वजह से वह एक प्रभावी मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता। मध्य पूर्व को युद्ध के खतरे से बाहर निकालने के लिए संवाद और विश्वास बहाली बहुत आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय तनाव को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक साधन है, पर इसकी सफलता काफी हद तक उस मध्यस्थ देश की शक्ति, विश्वसनीयता और प्रभाव पर निर्भर करती है। केवल वार्ता की मेज पर दोनों पक्षों को बैठा देना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि यह भी आवश्यक है कि मध्यस्थ देश समझौते के क्रियान्वयन का भरोसा दिला सके।

अमेरिका के प्रस्ताव में ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने, मिसाइल क्षमता घटाने, होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने, क्षेत्रीय सशस्त्र समूहों को समर्थन बंद करने और चरणबद्ध प्रतिबंधों में ढील स्वीकार करने की बात कही गई थी। ईरान की जमीन पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोकने और संवर्धित किए गए यूरेनियम को सौंपने की मांग प्रमुखता से की गई। इजराइल और अमेरिका को आशंका है कि इस सामग्री का इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में हो सकता है। वहीं, ईरान भविष्य में सैन्य कार्रवाई न करने की गारंटी देने, युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करने, सहयोगी समूहों सहित सभी मोर्चों पर शत्रुता समाप्त करने और होर्मुज जलमार्ग पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देने की मांग कर रहा है।

अमेरिका के सहयोगी देश ईरान को सामरिक और वैचारिक कारणों से खतरनाक मानते हैं। उन्हें आशंका है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बिगाड़ सकता है, वहीं विध्वंसक हथियार अलगाववादी समूहों को सौंप कर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ा सकता है। ईरान, इराक,





सीरिया और लेबनान में विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को समर्थन देता है, जिसे अमेरिका और उसके सहयोगी अस्थिरता फैलाने वाला मानते हैं। इससे क्षेत्र में परोक्ष युद्ध और तनाव बढ़ता है। ईरान का इजराइल विरोधी रुख और सऊदी अरब के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता भी चिंता का विषय है। इससे क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बनी रहती है। खाड़ी क्षेत्र में तेल टैंकरों पर हमलों और समुद्री मार्गों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों ने भी ईरान की छवि को जोखिमपूर्ण बनाया है।

ईरान, अमेरिका और इजराइल को अपने प्रमुख विरोधी के रूप में देखता है, जबकि इजराइल को वह एक अवैध देश और अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ईरान का मानना है कि ये दोनों देश मध्य पूर्व में उसकी शक्ति और प्रभाव को सीमित करना चाहते हैं। इस्लामाबाद में बातचीत विफल होने के बाद एक बार फिर ईरान को लेकर संकट गहरा गया है। यदि अब संघर्ष भीषण रूप लेता है, तो इसके व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम हो सकते हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता अत्यधिक बढ़ सकती है और कई देश इस संघर्ष में सीधे या परोक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं।

इससे एक बड़े युद्ध की संभावना उत्पन्न हो सकती है। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ेगा। फारस की खाड़ी और होर्मुज जलमार्ग से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात होता है। संघर्ष की स्थिति में इन मार्गों के बाधित होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि होगी, जिससे विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

ईरान के साथ तीव्र सैन्य टकराव के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। यदि युद्ध लंबा खिंचता है या अपेक्षित सफलता नहीं मिलती, तो घरेलू स्तर पर उनकी नीतियों की आलोचना तेज हो सकती है। अमेरिकी जनता आमतौर पर लंबे और महंगे युद्धों से असहज रहती है, जिससे राजनीतिक दबाव बढ़ता है। युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता और रक्षा खर्च में बढ़ोतरी अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर डाल सकती है। इससे महंगाई और वित्तीय असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ईरान पर हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की छवि पर असर पड़ा है। कूटनीतिक संबंध भी प्रभावित हो रहे हैं। उसके कई सहयोगी देश युद्ध से असहमत दिखाई दे रहे हैं। इससे अमेरिका की वैश्विक नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं।

खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए चीन और रूस बड़ी चुनौती हैं। यह क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों, समुद्री मार्गों और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जहां लंबे समय से अमेरिका का प्रभाव रहा है। चीन खाड़ी देशों में निवेश, बुनियादी ढांचा निर्माण और ऊर्जा साझेदारी को मजबूत कर रहा है। वह सऊदी अरब, ईरान और अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाकर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जिससे अमेरिका के आर्थिक और कूटनीतिक प्रभाव के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। वहीं रूस के ईरान से गहरे रणनीतिक हित हैं और वह उसके साथ सहयोग के जरिए क्षेत्र में अपनी भूमिका बढ़ा रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच संभावित युद्ध को रोकने में यूरोपीय संघ की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है। यूरोपीय देश कूटनीति, आर्थिक संतुलन और बहुपक्षीय वार्ता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। वे परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित किया जा सके और अमेरिका की चिंताओं को कम किया जा सके।

खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए चीन और रूस बड़ी चुनौती हैं। यह क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों, समुद्री मार्गों और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जहां लंबे समय से अमेरिका का प्रभाव रहा है। चीन खाड़ी देशों में निवेश, बुनियादी ढांचा निर्माण और ऊर्जा साझेदारी को मजबूत कर रहा है। वह सऊदी अरब, ईरान और अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाकर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जिससे अमेरिका के आर्थिक और कूटनीतिक प्रभाव के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। वहीं रूस के ईरान से गहरे रणनीतिक हित हैं और वह उसके साथ सहयोग के जरिए क्षेत्र में अपनी भूमिका बढ़ा रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित युद्ध को रोकने में यूरोपीय संघ की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है। यूरोपीय देश कूटनीति, आर्थिक संतुलन और बहुपक्षीय वार्ता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। वे परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित किया जा सके और अमेरिका की चिंताओं को कम किया जा सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियमः याचक से नायक बनने की ओर अग्रसर महिलाएं

- अंजनी सक्सेना

भारत का लोकतंत्र एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का सपना अब साकार होता दिख रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति, सामाजिक संरचना और सत्ता संतुलन में एक गहरे बदलाव का संकेत है। यह वह क्षण है, जब देश की आधी आबादी जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित भूमिका निभा रही थी वह अब सत्ता के केंद्र में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में इस कानून को लेकर जो सक्रियता और राजनीतिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, वह इसे जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने की मंशा को दर्शाता है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता अर्चना चिटनीस ने इसे देश का भाग्य बदलने वाला कानून बताया, जो इस अधिनियम की व्यापकता और महत्व को स्पष्ट करता है।

महिला आरक्षण का मुद्दा न तो नया है और न ही आज का है। स्वतंत्रता के बाद से ही संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग समय-समय पर उठती रही। 1990 के दशक में यह मुद्दा गंभीर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बना, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिला आरक्षण विधेयक लाने का प्रयास हुआ लेकिन उस समय राजनीतिक सहमति के अभाव और विरोध के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। इसके बाद भी कई सरकारों ने इस विषय को अपने एजेंडे में शामिल किया, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आए। यही कारण है कि वर्तमान सरकार इस अधिनियम को केवल विधायी सफलता नहीं, बल्कि दशकों की प्रतीक्षा के अंत के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

सरकार के प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बहुआयामी दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया गया है। पहले चरण में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। अब दूसरा चरण राजनीतिक सशक्तिकरण का है, जिसमें महिलाओं को सीधे सत्ता और नीति निर्माण में





भागीदारी दी जा रही है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। यह कदम केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीति की दिशा और प्राथमिकताओं को भी बदलने की क्षमता रखता है।

मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य में नगरीय निकायों में पहले से ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं का वास्तविक प्रतिनिधित्व इससे भी अधिक, लगभग 54 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है, तो वे न केवल भागीदारी करती हैं, बल्कि नेतृत्व में भी आगे आती हैं। अर्चना चिटनीस का भी कहना है कि यह अधिनियम महिलाओं को याचक नहीं, बल्कि नायक बनाएगा। यदि यह कथन केवल राजनीतिक बयान नहीं है तो यह एक बड़े सामाजिक परिवर्तन के संकेत दे रहा है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा प्रभाव नीति निर्माण पर पड़ेगा। यह माना जाता है कि महिलाएं अधिक संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण के साथ निर्णय लेती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से सामने आएंगी। इससे शासन की गुणवत्ता में सुधार होगा और नीतियों का प्रभाव अधिक व्यापक और संतुलित होगा। यह अधिनियम सामाजिक न्याय की उस अवधारणा को भी मजबूत करता है, जिसमें हर वर्ग और हर लिंग को समान अवसर मिले।

हालांकि इस अधिनियम को लेकर राजनीतिक सहमति पूरी तरह एक जैसी नहीं है। विपक्ष का कहना है कि इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़कर लागू करने में देरी की जा रही है। वहीं भाजपा का तर्क है कि यह प्रक्रिया आवश्यक है ताकि आरक्षण का लाभ सही और संतुलित तरीके से सभी क्षेत्रों तक पहुंच सके।

भाजपा नेताओं का यह भी कहना है कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण को केवल चुनावी मुद्दा बनाए रखा, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे वास्तविकता में बदलने का काम किया। वैसे भी शाहबानो प्रकरण जैसे उदाहरणों के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों पर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। सेना, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति और उद्यमिता में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है। देश में महिला राष्ट्रपति, महिला मुख्यमंत्री और अनेक महिला जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी यह संकेत देती है कि भारत अब उस दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां महिलाओं का नेतृत्व सामान्य बात बनता जा रहा है। ऐसे में संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना समय की मांग भी है और लोकतंत्र की आवश्यकता भी।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा बदल सकता है। जब बड़ी संख्या में महिलाएं संसद और विधानसभाओं में पहुंचेंगी, तो राजनीतिक विमर्श का स्वरूप भी बदलेगा। मुद्दों की प्राथमिकता बदलेगी, निर्णय लेने की शैली बदलेगी और शासन की संवेदनशीलता बढ़ेगी।

मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में, जहां पहले से ही महिलाओं को व्यापक अवसर दिए जा रहे हैं, वहां यह बदलाव और तेजी से दिखाई देगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक विकास का नया अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाया गया यह कदम और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इसे आगे बढ़ाने की पहल यह दर्शाती है कि अब महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक ठोस वास्तविकता बन चुका है। यह अधिनियम उस भारत की नींव रखेगा, जहां महिलाएं केवल मतदाता नहीं, बल्कि नीति निर्धारक होंगी, केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता होंगी। जब देश की आधी आबादी पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ेगी, तो भारत का विकास भी दोगुनी गति से होगा।

आने वाले वर्षों में यह कानून भारतीय राजनीति और समाज दोनों को नई दिशा देगा। एक ऐसी दिशा, जहां समानता, अवसर और नेतृत्व का संतुलन वास्तविक रूप में दिखाई देगा। यही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का वास्तविक उद्देश्य और इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

## सार-समाचार

### मेधावी विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

**अनोखा तीर, खंडवा।** निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए 'सुपर 5000 योजना' संचालित की जा रही है। इसके तहत कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के अनुसार राज्य मेरिट की टॉप 5000 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। कक्षा 10वीं में राज्य स्तर की मेरिट में शामिल होना आवश्यक है, जबकि कक्षा 12वीं में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय की टॉप 5000 सूची में स्थान होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ केवल उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनके माता या पिता परीक्षा परिणाम जारी होने से पहले मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिक हों और जिन्होंने मध्यप्रदेश बोर्ड से परीक्षा उत्तीर्ण की हो। आवेदन श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा। इसके साथ मेरिट प्रमाण पत्र और विद्यालय के प्राचार्य की अनुशंसा संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि परीक्षा उत्तीर्ण करने के अगले वर्ष 31 मार्च निर्धारित है।

### संबल योजना में आयु संशोधन पर सख्ती, मृत्यु के बाद बदलाव प्रतिबंधित

**अनोखा तीर, खंडवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में पंजीकृत श्रमिकों की आयु संबंधी प्रावधानों को लेकर शासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब समग्र पोर्टल में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर ही संबल पोर्टल पर आयु की गणना की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार, किसी भी पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु के बाद उसकी आयु या जन्मतिथि में किसी प्रकार का संशोधन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अपर सचिव संजय कुमार ने बताया कि समग्र पोर्टल पर मृत्यु प्रविष्टि दर्ज करने से पहले हितग्राही की जन्मतिथि का गहन परीक्षण अनिवार्य किया गया है। एक बार मृत्यु दर्ज होने के बाद किसी भी स्थिति में आयु परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी श्रमिक की आयु में त्रुटि पाई जाती है, तो उसका सुधार केवल आईटी विभाग के माध्यम से ही संभव होगा, अन्य किसी माध्यम से संशोधन मान्य नहीं होगा।

### छठवें वेतनमान के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा, एरियर का लाभ भी मिलेगा

**अनोखा तीर, खंडवा।** राज्य शासन ने छठवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। इस निर्णय से कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा और लंबित एरियर का भुगतान भी सुनिश्चित किया गया है। संशोधित दरों के अनुसार महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत से बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। इस वृद्धि का लाभ कर्मचारियों को अप्रैल 2026 के वेतन से मिलना शुरू होगा। इसके साथ ही 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर मई से अक्टूबर 2026 तक छह समान किस्तों में भुगतान किया जाएगा। वहीं, इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मचारियों अथवा उनके नामांकित परिजनों को एरियर की राशि एकमुश्त दी जाएगी, जिससे उन्हें त्वरित राहत मिल सके।

### प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी

**अनोखा तीर, खंडवा।** राज्य शासन ने प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि का निर्णय लिया है। इस फैसले से चौथे और पांचवें वेतनमान में वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। संशोधित दरों के अनुसार पांचवें वेतनमान के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 323 प्रतिशत तथा चौथे वेतनमान का 1465 प्रतिशत कर दिया गया है। यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावी मानी जाएगी और इसका लाभ अप्रैल 2026 के वेतन से मिलना शुरू होगा। साथ ही 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर मई से अक्टूबर 2026 तक छह समान किस्तों में दिया जाएगा। विशेष प्रावधान के तहत इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मचारियों के मामलों में एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

### 'गांव की बेटी' व 'प्रतिभा किरण' योजना के लिए 15 मई तक आवेदन

**अनोखा तीर, खंडवा।** उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल पुनः खोल दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित छात्राएं अब दोबारा आवेदन कर सकेंगी। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छात्राओं को नवीन एवं नवीनीकरण दोनों के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पर आवेदन करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### कृत्रिम गर्भाधान पर प्रशिक्षण, नस्ल सुधार पर जोर

**अनोखा तीर, खंडवा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं के गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत खंडवा के सभागृह में गुरुवार को



आयोजित इस प्रशिक्षण में पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों ने भाग लिया। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. हेमन्त शाह ने बताया कि जिले में पशुओं की नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान तकनीक का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। इससे उन्नत नस्ल के पशु प्राप्त होंगे और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि संभव हो सकेगी। प्रशिक्षण में भोपाल से आई मास्टर ट्रेनर डॉ. दीपा चौहान ने तकनीकी जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त उप संचालक डॉ. एके पटेरिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिष कश्यप सहित जिले के सभी पशु चिकित्सक उपस्थित रहे।

### पोषण पुनर्वास केन्द्र से स्वस्थ हुआ ईशान

**अनोखा तीर, खंडवा।** हरसूद विकासखंड के ग्राम पिपलानी निवासी इरशाद और नजमा अपने दो माह के पुत्र ईशान की कमजोरी को





लेकर चिंतित थे, लेकिन पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचार से उसे नया जीवन मिला। ईशान का वजन मात्र 1.800 किलोग्राम पाए जाने पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गगन दिलावरे ने उसे तत्काल पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराया। यहां पोषण प्रशिक्षक ने मां नजमा को नियमित और सही तरीके से स्तनपान कराने की सलाह दी। लगातार देखभाल और उचित पोषण के चलते ईशान के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ और 14 दिन में उसका वजन बढ़कर 2.540 किलोग्राम हो गया। डिस्चार्ज के समय परिवार को घर पर देखभाल और पोषण संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। अब ईशान के स्वस्थ होने से परिवार में खुशी का माहौल है और परिजनों ने पोषण पुनर्वास केन्द्र व अस्पताल स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

● परीक्षा परिणाम से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल ● छात्र-छात्राओं में दिखा अनोखा आत्मविश्वास

# दसवीं कक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम के साथ पात्र गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल बना क्षेत्र का गौरव

अनोखा तीर, बड़वाह।

नगर के जाने-माने, प्रतिष्ठित, विश्वसनीय एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल पेश करने वाले पात्र गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है और छात्र-छात्राओं में अनोखा आत्मविश्वास देखने को मिला है। इस वर्ष विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। एंजल अग्रवाल ने 94.8 प्रतिशत, पायल गुर्जर ने 94.2 प्रतिशत, दिव्येश मौर्य ने 93.2 प्रतिशत, अनुभव मंडलोई ने 92.6 प्रतिशत, तुलजा मालवीय ने 92.2 प्रतिशत, दिया अग्रवाल ने 91.6 प्रतिशत, शानवी मौर्य ने 91.6 प्रतिशत, तमन्ना मेवाड़े ने 91.4 प्रतिशत एवं साकेत सिसोदिया ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए एवं 62 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि ने न केवल अभिभावकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने यह मुकाम प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन पढ़ाई से अधिक प्रभावी कक्षा में होने वाली पढ़ाई होती है, जिसमें वे अपनी समस्याओं का समाधान शिक्षक के मार्गदर्शन में आसानी से कर लेते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। विद्यालय के संस्थापक द्वय प्रवीण पारख, श्रीमती किरण पारख, एकेडमिक डायरेक्टर आदित्य पारख, श्रीमती समीक्षा पारख, प्राचार्य पुरुषोत्तम राव येले, उप-प्राचार्य योगेंद्र सिंह मंडलोई एवं पीआरओ क्षितिज दुबे सहित समस्त पात्र गुरुकुल परिवार ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

### एचपीवी टीकाकरण में खंडवा ने हासिल किया शत-प्रतिशत लक्ष्य




**अनोखा तीर, खंडवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। अभियान में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी के टीके लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि इस आयु वर्ग की सभी 15584 किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को गुरुवार को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जो जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पंचकल्याणक महोत्सव का समापन

## मुनि आदित्य सागर का विहार



**अनोखा तीर, खंडवा।** जैन समाज के प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान पंचकल्याणक महोत्सव का गुरुवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। समापन के साथ ही मुनि आदित्य सागर ने सायं 5:10 बजे संघ सहित इंदौर की ओर विहार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भावुक होकर विदाई दी और घरों के बाहर पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के अंतिम दिन शोभायात्रा एवं विधि-विधान के साथ महावीर दिगंबर जैन मंदिर में विभिन्न प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की गई। मुनि संघ के सानिध्य में अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन भी संपन्न हुआ। महोत्सव 11 अप्रैल से प्रारंभ होकर 16 अप्रैल तक चला, जिसमें धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और यज्ञ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मुनि आदित्य सागर ने प्रवचन में कहा कि इतने कम समय में भव्य आयोजन का सफल होना समाज की आस्था और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अनुष्ठान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी धर्म और संस्कारों से जुड़ रही है। उन्होंने इसे समाज और नगर के लिए सुख, शांति और समृद्धि का संकेत बताया।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मात्र 15 दिनों की तैयारी में इतने बड़े आयोजन का सफल होना खंडवा की धार्मिक परंपरा और एकजुटता को दर्शाता है। महोत्सव के दौरान मोक्ष कल्याणक दिवस पर विशेष पूजन, अभिषेक और विश्व शांति के लिए यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग



लिया। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट मंडल द्वारा सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया गया। संचालन प्रदीप जैन छाबड़ा ने किया, जबकि आभार दिलीप पहाड़िया और सुनील जैन ने माना।

## बोर्ड परीक्षा में सांदीपनि विद्यालय बड़वाह का रहा श्रेष्ठ परिणाम

अनोखा तीर, बड़वाह।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 15 अप्रैल को घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय सांदीपनि कन्या उमावि बड़वाह की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। संस्था का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75.5 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 87.4 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 184 छात्राओं में से 139 उत्तीर्ण रहीं, जिसमें प्रथम श्रेणी में 109 एवं द्वितीय श्रेणी में 30 छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। संस्था में कक्षा 10वीं में पांच छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

कु. ज्योति पिता दशरथ राठौड़ ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गणित में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। कु. रक्षिता पिता अभिषेक सोलंकी ने 94.2 प्रतिशत, कु. दिव्या पिता संतोष मालाकार ने 94 प्रतिशत, कु. महिमा पिता दिनेश पांडे ने 93.8 प्रतिशत तथा कु. कविता पिता देवा मेराणा ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल दर्ज 238 छात्राओं में से 207 छात्राएं उत्तीर्ण रहीं, जिसमें प्रथम श्रेणी में 176 एवं द्वितीय श्रेणी में 31 छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। कु. जागृति पिता खुमानसिंह मंडलोई ने विज्ञान संकाय में 91.6 प्रतिशत एवं कु. लक्ष्मी पिता रंगलाल ने विज्ञान संकाय में 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। संस्था प्राचार्य श्रीमती हंसा कानूड़े एवं उप प्राचार्य निर्मलकुमार चौधरी ने बताया कि इस वर्ष 1 छात्रा का नाम स्कूटी प्राप्त करने हेतु चयनित हुआ, जबकि 34 छात्राओं ने लैपटॉप योजना में पात्रता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि सांदीपनि विद्यालय की छात्राएं पढ़ाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक, विज्ञान, आईटी प्रोजेक्ट एवं अनुशासन जैसी गतिविधियों में भी अपना विशेष स्थान रखती हैं। इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य श्रीमती हंसा कानूड़े, विशाल सिंह चौहान, डीएस चौहान, राधिका बिरला, माधुरी उपाध्याय, सतविंदर सिंह भाटिया, नागभूषण शर्मा, राकेश शर्मा, प्रतापसिंह ठाकुर, सुनीता कानूड़े सहित समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में फिर लहराया परचम

**अनोखा तीर, बड़वाह।** सीबीएसई की कक्षा 10वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, बड़वाह के विद्यार्थियों ने निमाड़ क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता पाई है। ''नाम वही, अंदाज नया'' की सार्थकता को साबित करते हुए नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र वैभव दौलत परिहार ने 95.4 प्रतिशत अंक, पियूष चैन सिंह जमरे ने 93.4 प्रतिशत अंक, दिव्यांश सुमेर परिहार ने 93.2 प्रतिशत




अंक, स्वस्ति नवदीप सिंह आर्या ने 92.6 प्रतिशत अंक एवं वैदेही पुरुषोत्तम जोशी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक हासिल किए हैं। इनमें नतांश रितेश गोयल ने 89.4 प्रतिशत अंक, सांभवी अरुण शर्मा ने 89 प्रतिशत अंक, सूरज अभिषेक पाराशर ने 88.8 प्रतिशत अंक, नमन जितेन्द्र पाटीदार ने 88 प्रतिशत अंक, सौम्य संतोष यादव ने 88 प्रतिशत अंक, गुरुत्व नरेंद्र सिंह ठाकुर ने 87 प्रतिशत अंक, दक्ष विकास मोगरे ने 85.8 प्रतिशत अंक, समृद्धि मनीष शर्मा ने 85.8 प्रतिशत अंक, सृष्टि दिनेश राठौड़ ने 83.4 प्रतिशत अंक एवं युग योगेश काले ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की कक्षा 10वीं के 85 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी हासिल की। वहीं कुल 15 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 अंक से अधिक प्राप्त किए हैं, जिसमें स्वस्ति आर्या ने सोशल साइंस विषय में 100 अंक हासिल किए। इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक सुनील कुमार जैन, अकादमिक संचालिका श्रीमती नीतू जैन, संचालक आशीष कुमार जैन, संचालिका डॉ. दृष्टि जैन एवं प्राचार्य श्रीमती अमिता शर्मा, उप-प्राचार्य अजय प्रजापति, संजय महाजन व समस्त शिक्षकगण ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु शुभकामनाएं दीं।

## अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन




अनोखा तीर, खंडवा।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार अंबेडकर जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित संगोष्ठी से पूर्व भगवान सिंह परमार ने जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब अंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में भगवान सिंह परमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान कर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बाबा साहब के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में व्याप्त भेदभाव, असमानता और कुरीतियों को समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता यादव और मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्की बावरे ने भी संबोधित किया।

भगवान सिंह परमार के खंडवा आगमन पर विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। संगोष्ठी में नीतेश नरवाले, अंकित खंडवा, कपिल अनजने, पिंकी वानखेड़े, अनिल विश्वकर्मा, देवेंद्र वर्मा, सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, अमर यादव, तपन डोंगरे, प्रियांशु चौरे, रोहित मिश्रा, श्रीमती स्नेहा पवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में भगवान सिंह परमार ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुभारंभ कार्यक्रम में होंगे शामिल


# ओंकारेश्वर में आज से पांच दिवसीय आचार्य शंकर प्रकटोत्सव मनाया जाएगा

अनोखा तीर, खंडवा।

आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व का 5 दिवसीय भव्य आयोजन 17 से 21 अप्रैल तक ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर स्थित एकात्म धाम में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज 17 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी के पावन सान्निध्य तथा विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की उपस्थिति में होगा। आगामी 21 अप्रैल को शंकरावतरणम् में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, चिन्मय मिशन के स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती, दक्षिणामूर्ति मठ के प्रमुख स्वामी पुण्यानंद गिरि तथा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी. राम सुब्रमण्यम प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

● **अद्वैतामृतम् - विमर्श सभा में विभिन्न विषयों पर होगा संवाद :** इस सत्र के अंतर्गत अद्वैत वेदांत की समकालीन परंपराओं पर विस्तृत चर्चा होगी, जिसमें 17 अप्रैल को अद्वैत एवं जैन-जी जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषय पर स्वामी स्वात्मानंद सरस्वती, स्वामिनी ब्रह्मप्रज्ञानंद सरस्वती, सतावधानी ललितादित्य और विशाल चौरसिया युवाओं के नजरिए से अद्वैत की व्याख्या करेंगे। उड़ीया बाबा पर माँ पूर्णप्रज्ञा, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती और आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण (अयोध्या) इस परंपरा के दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

18 अप्रैल को रामकृष्ण मिशन पर स्वामी जपसिद्धानंद, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी और बेलूर मठ के स्वामी सर्वभद्रानंद अद्वैत के सेवा भाव पर प्रकाश डालेंगे। वहीं सिख संप्रदाय पर आयोजित सत्र में निर्मल अखाड़ा के स्वामी दर्शन सिंह और प्रो. जगबीर सिंह अद्वैत और एक ओंकार के अंतर्संबंधों पर विमर्श करेंगे। अद्वैत एवं



पर्यावरण विषय पर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉ. बालकृष्ण पिसुपति अद्वैत दृष्टि से प्रकृति संरक्षण पर बात करेंगे। इसी दिन रमण आश्रम पर आयोजित सत्र में डॉ. वेंकट एस रमणन, प्रो. भूपेंद्र गोदारा और स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती महर्षि रमण के आत्म-विचार पर संवाद करेंगे। महोत्सव में अद्वैत दर्शन को नई पीढ़ी और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए विशेष सत्र रखे गए हैं। 19 अप्रैल को अद्वैत एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित सत्र में स्वामी परम शिवानंद, डॉ. प्रत्युष कुमार, कल्याण मुत्तुराजन और प्रो. राहुल गर्ग एआई और चेतना के विषयों पर चर्चा करेंगे। अद्वैत एवं वैश्विक शांति विषय पर स्वामी परमात्मानंद सरस्वती, प्रो. प्रियंकर उपाध्याय एवं नीमा मजूमदार संवाद करेंगे। इसी दिन सत्त्व, रज, तम कार्यशाला में मानव स्वभाव के गुणों पर आधारित विशेष सत्र में स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी एवं विशाल चौरसिया संवाद करेंगे। वहीं एक भारतः आचार्य शंकर के पदचिह्नों पर आयोजित सत्र में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकट रामन, स्वामी परिपूर्णानंद सरस्वती और अनुराधा गोयल सांस्कृतिक एकता पर संवाद करेंगे। दिनांक 20 अप्रैल को चिन्मय मिशन पर आयोजित सत्र में स्वामिनी विमलानंद सरस्वती और स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती मिशन के कार्यों और वेदांत के प्रसार पर अपनी बात रखेंगे। पांच दिवसीय आयोजन के समापन दिवस 21 अप्रैल, वैशाख शुक्ल पंचमी पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि एवं अन्य संतों की उपस्थिति में प्रातः 6 बजे नर्मदा तट पर आयोजित दीक्षा समारोह में देश-विदेश के 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में दीक्षा लेंगे। इसी दिन संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं अन्य अतिथियों द्वारा मुख्य समारोह में अद्वैत वेदांत दर्शन के सुदीर्घ प्रसार हेतु स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती एवं गौतम भाई पटेल को सम्मानित किया जाएगा।

● **17 से 21 अप्रैल तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे :** 17 अप्रैल को श्री जयतीर्थ मेवुंडी का शास्त्रीय गायन और शुभदा वराडकर के ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति होगी।

## सार-समाचार

# प्रियंका यदुवंशी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम, 83.2 प्रशित अंकों से बनीं टॉपर

### 4 विषयों में विशेष योग्यता, 92 अंक सर्वाधिक

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर के चाइल्ड केयर स्कूल की मेधावी छात्रा प्रियंका यदुवंशी ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे शहर का नाम गौरवान्वित किया है। प्रियंका ने कुल 500 में से 416 अंक अर्जित कर 83.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है।



प्रियंका के पिता पत्रकार केके यदुवंशी एवं माता प्रमिला यदुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पुत्री ने 6 विषयों में से 4 विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। प्रियंका यदुवंशी का एक विषय में सर्वाधिक स्कोर 92 अंक रहा, जो उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दर्शाता है। सुबह गुरुवार को 11 बजे परीक्षा परिणाम घोषित होते ही चाइल्ड केयर स्कूल परिसर में हर्ष और उल्लास का माहौल बन गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा शर्मा, डायरेक्टर अतुल शर्मा एवं शिक्षकगणों ने प्रियंका को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों का कहना है कि प्रियंका शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और अनुशासन उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

### सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को

अपनी इस शानदार उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका यदुवंशी ने कहा, यह सफलता मेरे माता–पिता के आशीर्वाद और मेरे गुरुजनों के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है। स्कूल में मिला अनुशासित माहौल और शिक्षकों का सहयोग एवं मार्गदर्शन ही मेरी ताकत बनी है। प्रियंका यदुवंशी की इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल कायम की है।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।



पिछले दस वर्षों से लगातार नगर में प्रथम स्थान प्राप्त करने की परंपरा को इस वर्ष भी छात्रों ने बरकरार रखा है। इस वर्ष कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा लक्ष्मी साहू ने 92 प्रतिशत अंक शीतल पटेल, तनु पटेल एवं सृस्टि पटेल ने कॉमर्स संकाय मे 88 प्रतिशत अंक लाकर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आइस साहू ने 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया है। साथ ही, विद्यालय संचालक घनश्याम यादव एवं समस्त स्टॉफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### जीनियस प्लानेट स्कूल कक्षा दसवीं का रिजल्ट रहा शतप्रतिशत

**अनोखा तीर, इटारसी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस परिणाम में जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है।



स्कूल के 74 विद्यार्थियों ने इस वर्ष 10वीं की परीक्षा दी थी। जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सानिका अग्रवाल 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही है। दीक्षा मांझी 95 प्रतिशत से द्वितीय स्थान, हर्षिता रैकवार 94.80 प्रतिशत से तृतीय स्थान पर रही। नमन सुरजिया 93.20 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर और आदित्य चौहान 92 प्रतिशत के साथ पांचवे स्थान पर रहे। हर्षिता रैकवार जहां स्कूल में तीसरे स्थान पर रही है। वहीं हर्षिता ने सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। तथा दीक्षा मांझी ने आईटी में 100 अंक लाकर स्कूल को गौरन्वित किया है।

# अमलतास अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर कार्यशाला आयोजित



**अनोखा तीर, देवास।** अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उन्नत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. ड्रैगन प्रिमोरेक के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, डॉक्टरों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रिमोरेक ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नवीन शोधों तथा रोगों के उन्नत उपचार तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से घुटनों से संबंधित बीमारियों के उपचार में आई नई क्रांतिकारी तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब ऐसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां विकसित हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से कई मामलों में मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण करवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने समझाया कि उन्नत थैरेपी, मिनिमली इनवेसिव तकनीक और रीजेनेरेटिव मेडिसिन जैसे आधुनिक उपचार विकल्पों के माध्यम से घुटनों के खराब हो चुके टिश्यू को पुनर्जीवित किया जा सकता है। इससे न केवल सर्जरी की जरूरत कम होती है, बल्कि मरीजों को जल्दी आराम, कम दर्द और तेजी से रिकवरी का लाभ मिलता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. अभिजात सेठ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अमलतास अस्पताल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास देश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें अस्पताल का निरीक्षण भी करवाया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, आधुनिक मशीनों एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की जानकारी अतिथियों को दी। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम चिकित्सा उपकरणों, डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजी एवं आधुनिक उपचार प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

● कलेक्टर देवास को आयोग का नोटिस

# 2 साल से रास्ता बंद, पीड़िता की आजीविका पर संकट

**अनोखा तीर, देवास।** ग्राम मेंढकी चक में स्थित एक कृषि भूमि, जो पूर्वाक्ष राज सिटी कॉलोनी से सटी हुई है, का एकमात्र रास्ता पिछले लगभग दो वर्षों से जबरन बंद कर दिया गया है। इस कारण पीड़िता स्वर्णा चौरसिया की खेती-बाड़ी पूरी तरह प्रभावित हो गई है और उनका जीवन-यापन संकट में आ गया है। स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। प्रशासन की इस लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन ने कलेक्टर, देवास को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय-सीमा में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल एक व्यक्ति के अधिकारों के हनन का है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े करता है।

# कृत्रिम गर्भाधान पर प्रशिक्षण, नस्ल सुधार पर जोर




**अनोखा तीर, खंडवा।**

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं के गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत खंडवा के सभागृह में गुरुवार को आयोजित इस प्रशिक्षण में पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों ने भाग लिया। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. हेमन्त शाह ने बताया कि जिले में पशुओं की नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान तकनीक का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। इससे उन्नत नस्ल के पशु प्राप्त होंगे और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि संभव हो सकेगी। प्रशिक्षण में भोपाल से आई मास्टर ट्रेनर डॉ. दीपा चौहान ने तकनीकी जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त उप संचालक डॉ. एके पटेरिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिष कश्यप सहित जिले के सभी पशु चिकित्सक उपस्थित रहे।

माहेश्वरी समाज के चुनाव संपन्न

# पुरुषोत्तम सारडा अध्यक्ष और विनीत राठी बने मीडिया प्रभारी



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** स्थानीय सीताराम मंदिर परिसर में माहेश्वरी समाज की चुनावी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा के बाद समाज के नए पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम सारडा, उपाध्यक्ष प्रकाश साबू, सचिव सचिन महेश्वरी, सहसचिव दीपक राठी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सारडा एवं मीडिया प्रभारी विनीत राठी को चुना गया।

कार्यकारिणी में चंद्र गोपाल महेश्वरी, जगदीश राठी, राधा रमन खडलोया, श्याम सुंदर सारडा, संपत सारडा, ओम प्रकाश सारडा, हरी खडलोया, गिरधर टावरी, प्रदीप टावरी और विकास माहेश्वरी को शामिल किया गया। बैठक के अंत में उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



### कन्या विवाह का आयोजन 29 अप्रैल को

**अनोखा तीर, इटारसी।** आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के तत्वाधान में कन्या विवाह सम्मेलन का प्रचार–प्रसार जोरो से किया जा रहा है। समिति के सचिव जीतेन्द्र इवने ने बताया कि समिति ने अलग–अलग टीम का गठन किया है। उन्हें सेक्टर अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने बताया कि आदिवासी गरीब कन्याओं का विवाह सर्व आदिवासी समाज द्वारा मिलकर किया जा रहा है। विवाह सम्मेलन आदिवासी सांस्कृतिक रीति–रिवाज से संपन्न किया जाएगा। 29 अप्रैल 2026 को गरीब कन्याओं के हाथ हल्दी से पीले होंगे, जहां जोड़ा एक–दूसरे का हाथ थामेगा।

# नाला मोहल्ला में पाइपलाइन फूटने से सड़कों पर बहा पानी

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के पीली बिल्डिंग के पीछे नाला मोहल्ला क्षेत्र में मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से भारी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन फूटने के कारण पानी सड़कों पर फैल गया, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने क्षेत्र का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वीडियो में पाइपलाइन से पानी का रिसाव और सड़कों पर जमा जल दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सुधार कार्य शुरू करने की मांग की है। वीडियो में स्थानीय लोग फूटी हुई पाइपलाइन से बर्तन भरकर पानी ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस स्थिति को संज्ञान में लेते हुए कहा कि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। मोहल्ला वासियों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लीकेज सुधारने का कार्य पहले से जारी है।

### महिलाओं से बच्चे के विवाद पर मारपीट का आरोप, तीन दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

**अनोखा तीर, देवास।** त्रिलोक नगर की महिलाओं ने सुरक्षा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं और पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा। महिलाओं ने अपने आवेदन में बताया कि यह घटना मंगलवार 14 अप्रैल की है। त्रिलोक नगर में अलका परमार का तीन साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। खेलते समय उसकी गेंद पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के घर में चली गई। इसी बात पर पड़ोसी व्यक्ति ने अपने परिवार के साथ मिलकर बच्चे और महिलाओं के साथ मारपीट की और अभद्रता की। प्रमिला राजपूत ने आरोप लगाया कि इस मामले में सिविल लाइन थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है, लेकिन आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें लगातार धमका रहे हैं। प्रमिला राजपूत ने यह भी आशंका जताई कि आरोपी पहले शराब की दुकान चलाता था। उन्हें लगता है कि उनकी वजह से दुकान बंद हुई है, जिसके कारण आरोपी उनसे रंजिश रख रहा है। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। एसपी कार्यालय पहुंची अन्य महिलाओं ने भी कहा कि ऐसी घटना किसी के साथ भी हो सकती है, इसलिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

### पुनासा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, खंडवा।** एकीकृत बाल विकास विभाग द्वारा पुनासा स्थित परियोजना कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, विभिन्न कानूनों और सामाजिक सशक्तिकरण के विषय में जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना, आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना रहा।



# न्यायाधीन का स्थानांतरण पर किया सम्मान

**अनोखा तीर, इटारसी।**

स्थानीय न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश सूर्यपाल सिंह राठौर का स्थानांतरण इटारसी से इंदौर हो जाने पर अधिवक्ता संघ इटारसी द्वारा गुरुवार को न्यायालय परिसर इटारसी स्थित अधिवक्ता संघ कक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री राठौर को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इटारसी न्यायालय के न्यायाधीश आदित्य रावत, न्यायाधीश श्रीमती अनीता खजुरिया, न्यायाधीश सूर्यपाल सिंह राठौर, न्यायाधीश श्रीमती आयुषी गुप्ता एवं न्यायाधीश




श्रीमती प्राची कौरव, न्यायाधीश यतिन अग्रवाल एवं संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता नागेश, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे, सह सचिव विजय दुबे ग्रंथपाल कंचन मेहरा, कार्यकारिणी सदस्य जेपी शुक्ला शासकीय अधिवक्ता भूरे सिंह भदोरिया, जिनेंद्र जैन, राघवेंद्र पांडे, अनुराग चौरे, प्रवक्ता विनोद भावसार एवं संजय गुप्ता, सहित संघ के समस्त पदाधिकारी गण एवं संघ के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संतोष गुरियानी अधिवक्ता ने किया एवं आभार दीपक जैन अधिवक्ता ने माना। कार्यक्रम को सभी न्यायाधीश गण एवं संघ के अध्यक्ष व सचिव द्वारा संबोधित किया गया। सभी वक्ताओं द्वारा श्री राठौर के साथ अपने पुरानी स्मृतियों को साझा किया गया। श्री राठौर ने अपने विदाई समारोह उद्बोधन में अधिवक्ता संघ इटारसी के सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त कर इटारसी न्यायालय में पदस्थ के दौरान अपने अनुभव को साझा किया।

# आटे के दीपक से रोजगार और प्रदूषण नियंत्रण की अनोखी पहल

**अनोखा तीर, खंडवा।**

लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में जिले में प्रेरणादायक पहल सामने आई है। ओंकारेश्वर के पास ग्राम मोरटक्का में महिला स्व-सहायता समूह ने आटे के दीपक बनाकर रोजगार का नया मार्ग अपनाया है। श्रीमती विजया जोशी के नेतृत्व में मां नर्मदा आजीविका स्वयं सहायता समूह ने इस कार्य की शुरुआत की। समूह की महिलाओं ने 1.50 लाख रुपये का ऋण लेकर दीपक निर्माण की मशीन खरीदी और उत्पादन शुरू किया। इस पहल का उद्देश्य जहां महिलाओं की आय बढ़ाना है, वहीं नर्मदा नदी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करना भी है। समूह द्वारा तैयार आटे के दीपक मोरटक्का के खेड़ीघाट सहित आसपास की दुकानों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आसानी से ये दीपक मिल रहे हैं। इससे प्लास्टिक के दोने के उपयोग में कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती विजया जोशी ने बताया कि आटे के दीपक के उपयोग से नदी में प्रदूषण रुक रहा है और जलजीवों को भी नुकसान नहीं हो रहा। साथ ही इस पहल से महिलाओं को नियमित आय का स्रोत भी मिला है।






# अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**अनोखा तीर, खंडवा।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार अंबेडकर जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित संगोष्ठी से पूर्व भगवान सिंह परमार ने जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब अंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में भगवान सिंह परमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान कर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बाबा साहब के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में व्याप्त भेदभाव, असमानता और कुरीतियों को समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता यादव और मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्की बावरे ने भी संबोधित किया। भगवान सिंह परमार के खंडवा आगमन पर विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। संगोष्ठी में नीतेश नरवाले, अंकित खंडवा, कपिल अनजने, पिंकी वानखेड़े, अनिल विश्वकर्मा, देवेंद्र वर्मा, सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, अमर यादव, तपन डोंगरे, प्रियांशु चौरे, रोहित मिश्रा, श्रीमती स्नेहा पवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में भगवान सिंह परमार ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## सार-समाचार

### चंद्रकाली एकेडमी की छात्रा ने सभी विषय में विशेष योग्यता अर्जित की



**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर की चंद्रकाली ऐकडमी में अध्ययनरत हाईस्कूल की छात्रा निहारिका पिता कैलाश पंवार खातेगांव ने कक्षा दसवीं मे सभी विषय में विशेष योग्यताएं प्राप्त कर अंग्रेजी में 84 अंक, हिंदी में 93 अंक, संस्कृत में 89 अंक, गणित में 83 अंक, विज्ञान में 89 अंक, सामाजिक विज्ञान में 75 अंक, इस प्रकार 500 में से 438 अंक अर्जित कर 88 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण की। निहारिका की इस शानदार सफलता पर वरिष्ठ पत्रकार श्रवण पंवार, प्रदीप साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### अंकुर सेन ने हायर सेकेंडरी परीक्षा के तीन विषयों में विशेष योग्यता अर्जित की



**अनोखा तीर, खातेगांव।** एमराल्ड पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत प्रतिभाशाली छात्र अंकुर जयराम सेन ने 12वीं हायर सेकेंडरी परीक्षा मैथ्स साइंस में उत्तीर्ण कर हिंदी मे 91,अंग्रेजी में 85, गणित में 80,भौतिक शास्त्र में 77, रसायन शास्त्र में 72 इस प्रकार 500 में से 405 अंक प्राप्त कर 81 प्रतिशत अंक से हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की चार विषय में विशेष योग्यताएं अर्जित की। अंकुर की इस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं स्नेही जनों ने बधाई शुभकामना दी।

### योगिता साहू ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विशेष योग्यता प्राप्त की



**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर के सांदिपनी विद्यालय में अध्यनरत साहू समाज की प्रतिभावान छात्रा योगिता साहू राकेश साहू ने हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा– 12वीं वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण की। संदीपानी उच्च माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा योगिता ने हिन्दी मे 93,अंग्रेजी में 68, व्यवसाय अध्ययन मे 95, अर्थशास्त्र में 77, लेखाशास्त्र में 89 अंक प्राप्त कर 500 में से 422 अंक अर्जित कर 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की और चार विषय में विशेष योग्यताएं अर्जित की योगिता ने विद्यालय वह समाज का परिवार का नाम रोशन किया।

### फिफ्थ माउंटेन एकेडमी के छात्रों ने रचा इतिहास

**अनोखा तीर, खातेगांव ।** नगर में हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में एक बार फिर फिफ्थ माउंटेन एकेडमी के छात्रों ने इतिहास रचा। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें 90 बच्चे





प्रथम श्रेणी में एवं 11 बच्चे द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा दसवीं में नैतिक महेश साहू प्रथम स्थान पर रहा 91.2 प्रतिश के अंक अर्जित किए। इसी प्रकार तमन्ना पवार ने 88 प्रतिशत के अंक के साथ द्वितीय स्थान व फिजा खान 87.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। निहारिका पवार 87.6 प्रतिशत, खुशबू राठोर 86.8 प्रतिशत, रागिनी साहू 86प्रतिशत, पंकज राठौर 85.2 प्रतिशत, अथर्व जोशी 84.8 प्रतिशत, राखी धन्यवाद




82.2 प्रतिशत, ऋषिका सोलंकी 81.2प्रतिशत, खुशी कलोता 80.4 प्रतिशत, अदिति पंवार 80.2 प्रतिशत, रोहित मीणा 79.8 प्रतिशत, जानवी पवार 77.4 प्रतिशत, साजिद खान 77.2प्रतिशत, आयुष पवार 76.6प्रतिशत, अर्पित जायसवाल 75.6प्रतिशत, नैतिक पवार 75.4प्रतिशत, खुशी पवार 75प्रतिशत, हर्षित यादव 74.8 प्रतिशत, कनिष्क साहू ने 74 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। फिफ्थ माउंटेन एकेडमी में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वीं में 60 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की एवं 11 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12वीं में देव्या गुर्जर 85.4प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। सौम्या मिश्रा 85.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही। अभी खंडेलवाल 84.4 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। राजेंद्र पवार 83.4 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहा। दिशांत अग्रवाल 82 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहा। अनिरुद्ध मीणा 80प्रतिशत, अमृता जाट 80 प्रतिशत, सुमित सैनी 79 प्रतिशत, ऋषिका माल्या 78 प्रतिशत, तृप्ति गर्ग 76.4 प्रतिशत, मुक्तांजलि सोनी 75.2 प्रतिशत, सायर खान 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश सरकार की अभिनव योजना मेघावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के तहत इन छात्र–छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे शासन की ओर से।

# रकबा कम दर्ज कर बीमा राशि में हेराफेरी की शिकायत

- **समिति प्रबंधक पर गबन और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप**

**अनोखा तीर, बैतूल।**



आठनेर तहसील अंतर्गत ग्राम धनोरा निवासी फरियादी ललिता मायवाड़ ने फसल बीमा योजना में बड़े स्तर पर अनियमितता और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और एसपी से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया कि उनके ससुर रामरतन पिता गोपी के खसरा नंबर 419/2 एवं 428/11 में ही बीमा दर्ज किया गया, जबकि अन्य खसरों का प्रीमियम भी समिति प्रबंधक द्वारा काट लिया गया, लेकिन वह राशि बीमा कंपनी में जमा नहीं की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि किसानों से उनके पूरे कृषि रकबे के अनुसार प्रीमियम वसूला गया, लेकिन बीमा कंपनी में जानबूझकर कम रकबा दर्ज किया गया, जिससे कम प्रीमियम जमा हुआ और शेष राशि का गबन कर लिया गया। इस अनियमितता से ललिता मायवाड़ के परिवार सहित उनकी सास शांति मायवाड़ और कई अन्य किसान प्रभावित हुए हैं।

आरोप यह भी है कि तकनीकी सर्वेक्षण के दौरान कई पात्र किसानों के नाम सूची से हटा दिए गए तथा कई किसानों का वास्तविक रकबा कम दर्ज किया गया। इसके चलते फसल नुकसान होने के बावजूद किसानों को उनके वास्तविक रकबे के अनुसार बीमा मुआवजा नहीं मिल सका और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। शिकायत में इसे अमानत में खयानत, धोखाधड़ी और संगठित भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए संबंधित समिति, बीमा कंपनी और सर्वेयर की संभावित मिलीभगत की आशंका जताई गई है। ललिता ने वर्ष 2024 से 2026 तक अपने, अपने ससुर रामरतन और सास शांति मायवाड़ के केसीसी लोन और बैंक खातों की विशेष ऑडिट जांच कराने की भी मांग की है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर फसल बीमा प्रीमियम कटौती, रकबा रिकॉर्ड और सर्वे सूची की तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही सभी प्रभावित किसानों के वास्तविक रकबे और जमा प्रीमियम का मिलान कर सत्यापन कराया जाए, अन्य खाताधारकों की भी जांच कर संभावित घोटाले का खुलासा किया जाए और अवैध रूप से वसूली गई राशि वापस कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

जनगणना को लेकर दिया प्रशिक्षण

## मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** वर्ष 2011 के बाद 2027 में जनगणना प्रारंभ हो रहा है जिसके प्रथम चरण मे मकानो को सूचीकरण किया जाएगा जिसको लेकर शासन के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक एवं प्रगणक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नगर परिषद कांटाफोड़ के सभागृह में सुबह 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक आयोजित हो रहा है। जिसमें कांटाफोड़ लोहारदा नगर परिषद के लिए संयुक्त रूप से मास्टर ट्रेनर अखिलेश जोशी एवं आशीष कुंडल द्वारा करीब 40 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं परिषद कर्मचारीयों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। शासन एवं कलेक्टर के निर्देशन में परिषद के सभा कक्ष में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य चल रहा है पहले चरण 1 मई से मकान की गणना का कार्य प्रारंभ होगा।




## मातृशक्ति वंदन अधिनियम बिल के समर्थन में प्रस्ताव की प्रति भाजपा जिला अध्यक्ष को सौंपी

**अनोखा तीर, खातेगांव।** मातृशक्ति बंधन अधिनियम बिल बल के समर्थन में नगर परिषद खातेगांव में समस्त भाजपा पार्षदों के समर्थन का प्रस्ताव पारित किया गया था।




जिसकी प्रतिलिपि भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव को सौपी साथ ही उक्त बिल के संबंध में जानकारी देने के लिए भाजपा मंडल के समस्त वरिष्ठ एवं मातृशक्ति महिला मोर्चा एवं समस्त पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई जिसको संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने मातृशक्ति वंदन बल के संबंध में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो 50 सालों में नहीं हुआ वह हमारी सरकार ने यह बिल लोकसभा में पारित करने के लिए प्रस्तुत कर दिया है। हमारी माता बहनों को विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण प्राप्त होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव जिला महामंत्री राजेश यादव ने उक्त बिल के संबंध में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी और उक्त बिल का महिलाओं के बीच में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की बात कही। बैठक का संचालन भाजपा मंडल के अध्यक्ष ललित गुर्जर ने किया। अंत में आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी ने माना। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह मुकाती, डॉ. आरएन यादव, वीरेंद्र सिंह राजावत, नेमावर मंडल अध्यक्ष सचिन मीणा, महिला मोर्चा पदाधिकारी ऊषा शर्मा, डाली पवार, सीमा यादव, ममता विश्नोई, सावित्री यादव, शालिनी खंडेलवाल समस्त भाजपा पार्षद भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अनोखा तीर, बैतूल।** चोपना क्षेत्र में पाढ़र अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके द्वारा किया गया। पाढ़र अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजीव चौधरी और डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आशीष विक्टर चौधरी के विशेष मार्गदर्शन में अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इसमें जनरल सर्जन डॉ. राहुल अनुपम अल्फियस, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. थॉमस भानु कुरियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पामुला शोभरानी, मेडिकल ऑफिसर डॉ. निर्मित एंड्र्यू चौधरी, डॉ. पीटर शैली और रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. फ्रेजर बोरजियो शामिल रहे। सभी विशेषज्ञों ने ग्रामीणों की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श व उपचार प्रदान किया। शिविर में सामान्य सर्जरी से संबंधित परामर्श के साथ-साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे महिलाओं और बच्चों को बड़ी राहत मिली। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया और मरीजों को प्राथमिक जांच, दवाइयां व स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। डॉक्टरों ने लोगों को बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। आयोजन के दौरान विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके के मार्गदर्शन को सराहा गया और स्थानीय लोगों ने उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। पाढ़र अस्पताल द्वारा आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हुआ और इसे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।




## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मनाई डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती




**अनोखा तीर, बैतूल।**

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और समाज सुधार में दिए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए अतुलनीय कार्य किए।

उनका मानना था कि जब तक महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी, तब तक वे आत्मनिर्भर नहीं बन सकतीं। जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने सभी से अपील की कि वे डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। जिला प्रमुख सचिव विनोद कुमार कैथवार ने अपने संबोधन में कहा कि गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान में डॉ. अंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। महिला जिला उपाध्यक्ष सरिता झरबड़े ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का शिक्षित रहो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा आज भी सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी, महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी, महिला जिला उपाध्यक्ष सरिता झरबड़े, जिला प्रमुख सचिव विनोद कुमार कैथवार, जिला प्रभारी संजय अग्रवाल, जिला मंत्री राकेश सोनी, जिला महामंत्री राजेश पाटिल, जिला संगठन मंत्री मुकेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला उप मंत्री निखिलेश गजभिए, तहसील अध्यक्ष राजेश वागद्रे, दीपक बड़घरे, तहसील महामंत्री राकेश डेहरिया, दशरथ पंडौले सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित




**अनोखा तीर, खातेगांव।** मेकलसुता एकेडमी, खातेगांव में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के 25 एवं कक्षा 10वीं के 28 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में दिव्या जाट ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में इस संकाय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में तरुण मीणा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उच्चतम कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खातेगांव टीआई विजय सिंह लोधी, विशेष अतिथि बीईओ खातेगांव–कन्नौद पंकज जाट, प्रसिद्ध भागवत आचार्य पंडित राज राजेश्वर शास्त्री, विद्यालय के चेयरमैन बलराम दावठा एवं मेकलसुता स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक संतोष पटेल भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सदासुख ने प्रबंधन के प्रयासों को साझा किया। प्राचार्य मनोज तिवारी ने विद्यालय की कार्यशैली एवं टॉपर विद्यार्थियों के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर प्रकाश डाला, जबकि समन्वयक श्रीमती रूपाली तोमर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की गई तथा अभिभावकों का स्टोल पहनाकर सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं में दिव्या जाट (93प्रतिशत), नवीन कड़वाल (91प्रतिशत), महक पंवार (90प्रतिशत), हर्षिता बैरागी (88.4प्रतिशत), मोहित नागोरी (88.4प्रतिशत), सुमित प्रजापत (88.4प्रतिशत), मिलन जाट (87.6प्रतिशत), श्रुति तिवारी (87प्रतिशत), क्रातिका जाट (86प्रतिशत), आदित्य सोंगरा (85.6प्रतिशत), नंदनी परमार (85.6प्रतिशत), ऐश्वर्या भट्ट (85.4प्रतिशत), पियूष दुकतावा (84.6प्रतिशत), मोहित सिंह राजपूत (84.2प्रतिशत), स्नेहा जाट (84.2प्रतिशत), वाणी चौबे (84.2प्रतिशत), अनुष्का पटेल (84प्रतिशत), डॉली जाट (84प्रतिशत), हर्षिता राजपूत (83.2प्रतिशत), दिव्या शेखावत (83प्रतिशत), रोशनी राठौर (82.2प्रतिशत), पियूष जाट (81.8प्रतिशत), अथर्व यादव (81.4प्रतिशत), महेंद्र सिंह राजपूत (80.8प्रतिशत) एवं कृष्णा प्रजापति (80प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में तरुण मीणा (94प्रतिशत), हेमंत विश्वकर्मा (92.20प्रतिशत), प्रियंका मीणा (91.00प्रतिशत), समृद्धि सांवले (91.00प्रतिशत), रोहन बागवान (90.20प्रतिशत), हर्ष जाट (89.60प्रतिशत), शैलेश हरियाले (89.60प्रतिशत), उत्तम जाट (89.60प्रतिशत), स्नेहा पुरी (89.40प्रतिशत), तृप्ति चौबे (89.00प्रतिशत), कीर्ति गुर्जर (88.00प्रतिशत), गौरव दीक्षित (87.40प्रतिशत), विवेक गोरे (87.40प्रतिशत), अक्षरा लोवंशी (87.20प्रतिशत), जिगर कीर (87.20प्रतिशत), नमामी पाटिल (86.40प्रतिशत), प्रिंस जाट (85.20प्रतिशत), आयुष पंवार (85.00प्रतिशत), जागृति डिंगरोड़िया (85.00प्रतिशत), भविष्यराज सिंह भाटी (84.60प्रतिशत), तनिष्क अंकल (84.00प्रतिशत), आंचल जाट (82.80प्रतिशत), अंतिम राजपूत (82.80प्रतिशत), आयुषी शर्मा (81.40प्रतिशत), नंदिनी गुर्जर (80.80प्रतिशत), राशि शर्मा (80.20प्रतिशत), हर्षिता यादव (80.00प्रतिशत) एवं नैतिक जाट (80.00प्रतिशत) ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का संचार किया।

# अरियंत कांवेंट स्कूल ने इस बार फिर रचा इतिहास

**अनोखा तीर, खातेगांव।**



नगर में अरियंत कांवेंट स्कूल ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वीं में अपनी श्रेष्ठतम परिणाम देने की परंपरा को जारी रखते हुए गणित संकाय मे दिव्यांशी शेखावत ने 89.4प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंजली तिवारी ने 85.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, राजेश्वरी तोमर 82.6प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए तृतीय स्थान पर रही। बायो संकाय मे अशनिया बेग 84प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, योगेश गुर्जर ने 78प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कोमल सेन 76.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कामर्स संकाय मे कृतिका विश्वकर्मा ने 83प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, अर्चिता राठौड़ ने 79.8प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, ईशिका मीणा 79.2प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए तृतीय स्थान पर रही। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लेपटॉप योजना में 18 छात्र-छात्राओ ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं मे लक्ष्य पिता मनोज जैन ने 95प्रतिशतअंक प्राप्त कर नगर मे प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए देवास जिले की मेरिट लिस्ट मे अपना नाम दर्ज किया, प्रांजली निरंजन मीणा ने 93.8प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, गुनगुन राजेश व्यास 91.8प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार एक गरीब परिवार के बालक चित्रांश हरियाले जिसे



विद्यालय कक्षा 9वी से ही निःशुल्क अध्यापन करा रहा है। उसने भी 91प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए माता, पिता, गुरूजनो एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। बालक की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षको द्वारा उसके निवास स्थान पर पहुंच कर बालक एवं माता, पिता का पुष्पहारो से एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया कक्षा 10वी की परीक्षा मे 95 बच्चे सम्मिलित हुए जिसमे 74 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। शेष तृतीय श्रेणी मे रहे। इसी कक्षा 12वीं मे 62 विद्यार्थी परीक्षा मे सम्मिलित हुए जिसमे 47 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए, 9 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। शेष सभी विद्यार्थी तृतीय श्रेणी मे रहे। विद्यार्थियो की इस सफलता पर विद्यालय के संचालक प्रकाशचंद्र जैन, प्राचार्य सुदीप कुमार जैन, समस्त स्टाफ एवं मेनेजमेंट सदस्यो ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र/छात्राओ को शुभकामनाएं दी।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

# समृद्धि वेयर हाऊस में अवैध गेहूं भंडारण

## मामले की प्रशासन कर रहा जांच

## व्यापारियों से गेहूं खरीदकर समर्थन मूल्य पर बेचने की थी तैयारी

अनोखा तीर, खिरकिया।

एक ओर जहां किसान समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं बेचने के लिए जद्दोजहद कर रहा है। वहीं दूसरी ओर खरीदी कार्य में संलग्न समिति और वेयर हाऊस संचालक मिलकर शासन को चूना लगाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला खिरकिया तहसील के मुहाल में स्थित समृद्धि वेयर हाऊस का है। यहां पर वेयर हाऊस संचालक ने पहले से ही हजारों क्विंटल गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए ओने-पोने दामों पर खरीद कर स्टॉक कर उसे समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए आई बोरियों में भरवाकर रख लिया था। हाई प्रोफाइल व्यक्ति का वेयर हाऊस होने के कारण मामले को दवाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर वेयर हाऊस संचालक और समितियों द्वारा किए गए इस मामले को पकड भी लिया है, इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा इस मामले का खुलासा नहीं किया गया।





जानकारी के अनुसार किसानों कि स्लाट बुकिंग मात्र 1500 क्विंटल की ही हुई है, इसके बावजूद वेयर हाऊस संचालक द्वारा यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि यह सारा माल किसानों का ही है। यह किसान बाद में स्लाट बुक कर देंगे, इन किसानों ने पहले ही माल तुला चुके है। अब देखना यह होगा कि इस हाई प्रोफाइल घोटाले पर प्रशासन क्या सख्त कार्यवाही करता है।

# गणगौर महोत्सव की भुआणा अंचल में धूम



**अनोखा तीर, हरदा।** इन दिनों पूरे भुआणा अंचल में गणगौर महोत्सव की धूम मची हुई है। स्थानीय चौबे कॉलोनी में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित गणगौर महोत्सव में रनुबाई और धनिया राजा विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रोजाना दूर-दूर से आकर गणगौर मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही है, वहीं रोजाना महिलाए दिन में पाती खेलती है और देर रात तक ग्रामीण कलाकारों द्वारा आर्कषक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुती दी जाती है। हजारों की भीड इस गणगौर महोत्सव में रोजाना सम्मिलित हो रही है।

# शत-प्रतिशत रहा परिणाम

## सीबीएसई 10वीं में 'द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल' का दबदबा








अनोखा तीर, हरदा।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में स्थानीय 'द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल' के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो संस्था के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विद्यालय के कुल 116 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से सभी 116 विद्यार्थी सफल रहे। इनमें 108 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जबकि 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह बेहद शानदार रहा। कुल 116 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 31 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए, जबकि 28 विद्यार्थी 70 से 79 प्रतिशत की श्रेणी में रहे। इसके अलावा 15 विद्यार्थियों ने 60 से 69 प्रतिशत तथा 8 विद्यार्थियों ने 50 से 59 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक जयशंकर कानवा एवं प्राचार्य डॉ. प्रीती बांके ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरल शिक्षण पद्धति के कारण ही विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया है। प्रबंधन द्वारा बच्चों को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। इस अवसर पर संचालक जयशंकर कानवा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह सफलता संयोग नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं और प्रेरक शैक्षिक वातावरण का परिणाम है। वहीं प्राचार्य डॉ. प्रीती बांके ने इस उपलब्धि का श्रेय अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरल शिक्षण पद्धति को दिया। उन्होंने कहा कि जटिल विषयों को सुलभ बनाना और प्रत्येक छात्र की क्षमता को पहचानना ही उनकी प्राथमिकता रही है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक संसाधनों के साथ खेल, विज्ञान, कला और चारित्रिक निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभिभावकों और प्रबुद्ध वर्ग ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की है।

# सृष्टि जाट ने किया नाम रोशन, सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 96 प्रतिशत अंक

**अनोखा तीर, हरदा।** बुधवार शाम घोषित हुए सीबीएसई परीक्षा परिणामों में हरदा नगर की होली फेथ स्कूल की छात्रा सृष्टि रामनिवास जाट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ९६ प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सृष्टि की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में



खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे स्कूल और शहर में भी गर्व की भावना है। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर अध्ययन और समय प्रबंधन से यह सफलता संभव हो पाई है। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सृष्टि की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सृष्टि ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी हैं। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी सृष्टि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जरूरतमंद बेटियों के विवाह में महिला मंडलों ने किया कन्यादान



**अनोखा तीर, हरदा।** मारवाड़ी अग्रवाल महिला मंडल, वैश्य महिला मंडल एवं उषा गोयल द्वारा तीन जरूरतमंद बेटियों के विवाह में कन्यादान किया गया। इस दौरान बेटियों को विवाह के लिए आवश्यक सामग्री जैसे साड़ी, चादर, बर्तन, घड़ी, कंफर्ट, 'वेलरी, गिफ्ट आइटम सहित अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी बहनों ने मिलकर गीत गाए और गोद भराई की रस्म भी निभाई गई। इस अवसर पर सरिता, प्रीति, रूबी, मोनिका, वर्षा, सोनाली, गीतू, कृष्णा, प्रमिला, 'योति, जया, उषा, सीमा, रेनू, अंगुरी, अनीता सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मंडी में 17 से 20 अप्रैल तक नीलामी कार्य रहेगा बंद

**अनोखा तीर, हरदा।** विभिन्न अवकाशों एवं कार्यक्रमों के चलते आगामी चार दिनों तक मंडी प्रांगण में कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया स्थगित रहेगी। जानकारी के अनुसार, दिनांक 17 अप्रैल 2026 को अमावस्या, 18 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी, 19 अप्रैल को रविवार का साप्ताहिक अवकाश तथा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया का शासकीय अवकाश होने के कारण मंडी में नीलामी कार्य पूर्णत: बंद रहेगा। मंडी सचिव ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे उक्त तिथियों में अपनी उपज विक्रय हेतु मंडी प्रांगण में न लाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।






### सीएम डॉ.यादव बोले

# कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब होते दिख रहा

अनोखा तीर, भोपाल।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ऐसा क्रांतिकारी निर्णय बताया, जिसने सदियों के इंतजार को समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कड़े और सीधे शब्दों में कहा यदि कांग्रेस विरोध करेगी तो जनता में गलत संदेश जाएगा।

## 1971 की बेड़ियों से मुक्त होगा लोकतंत्र

प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय साधारण नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को सींचने वाला है। हम अब तक 1971 की जनगणना के आधार पर चल रहे परिसीमन को ढो रहे थे, लेकिन अब नया परिसीमन हमारे लोकतंत्र को नई ऊर्जा और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। यह अधिनियम हमारी बहनों के लिए वह द्वार खोलेगा, जहां से आधी आबादी को शासन और नीति-निर्धारण में अपना पूरा बल और अधिकार मिलेगा।

**कांग्रेस की नीति और नियत में खोट**- विपक्ष की दोहरी राजनीति पर गरजते हुए डॉ. यादव ने कहा, कांग्रेस की नीति और नियत में हमेशा से फर्क रहा है।

# खनिज का अवैध उत्खनन में संलग्न 2 पोकलेन, 1 डम्फर एवं 2 ट्रेक्टर-ट्रॉली जप्त

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही लगातार जारी हैं। माह अप्रैल में खनि अधिकारी प्रगति सोनवाने व सहायक खनिज अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनिज निरीक्षक देवेन्द्रसिंह की टीम द्वारा जिला में आकस्मिक जांच के दौरान हंडिया हरदा फोरलेन मार्ग ग्राम-कुसिया बायपास के पास वाहन डम्फर नं. एमपी 09 एचजे 0105 खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया। डम्पर बिना वैद्य अभिवहन पास (रॉयल्टी) होने से वाहन को चालक मुकेश आत्मज तोताराम निवासी हीरापुर, तहसील हंडिया वाहन मालिक राहुल प्रजापति आत्मज बाबूलाल प्रजापति हंडिया से जप्त कर पुलिस थाना हंडिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया।

इसी प्रकार कार्यवाही करते हुए हीरापुर माल तह खिरकिया में पोकलेन मशीन जिसका ई.एस.एन. नम्बर 84581756 अवैध खनिज मुरूम उत्खनन करते पाई गई। पोकलेन को वाहन चालक राजकुमार इवने निवासी बीड, तहसील व जिला हरदा तथा वाहन मालिक भूपेन्द्र आत्मज जगदीश कीर नि हरीपुरा माल, तह खिरकिया से जप्त कर पुलिस थाना छीपाबड, तहसील खिरकिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। ग्राम-झाड़बीड़ा, तह रहटगांव से पोकलेन मशीन मुरूम उत्खनन करते पाई गई। पोकलेन मशीन को आपरेटर मधुसिंग आत्मज मोजीलाल ग्राम रवांग तहसील रहटगांव से जप्त कर पुलिस थाना रहटगांव जिला हरदा में सुरक्षार्थ खडा किया गया। ग्राम आलमपुर, तहसील रहटगांव से फार्मट्रेक पावर मेक्स बिना नम्बर को वाहन चालक अनूप कटारे आ बदामीलाल निवासी छिदगांव मेल, तहसील टिमरनी से जप्त कर पुलिस थाना रहटगांव, तह रहटगांव जिला हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया एवं टिमरनी सोडलपुर रोड से ट्रेक्टर खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया को वाहन चालक लक्ष्मण केवट आत्मज लखनलाल निवासी बिच्छापुर तहसील टिमरनी से जप्त कर पुलिस थाना टिमरनी में सुरक्षार्थ खडा किया गया, जिसके प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किया जावेगा।